

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 21 फरवरी - 27 फरवरी, 2024

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वादशी, संवत 2080 पृष्ठ : 8+2 बुधवार वर्ष-9, अंक-52, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## समाज की शुभता के लिए अनुकरणीय भी बनना और करना चाहिए

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**आज** हमारा समाज कहां से कहां पहुंच गया है। यह प्रकृति का नियम है कि हमेशा पानी ऊपर से नीचे की ओर बहता है। अगर हम चाहें कि पानी नीचे से ऊपर की ओर बहे, तो हमें कुछ प्रयास करना पड़ेगा। यानि की कुछ न कुछ करना पड़ेगा। कुछ सिस्टम्स बदलने पड़ेंगे। यही स्थिति हमारे समाज की है। सृष्टि के प्रारंभ से अब तक समाज बदलते-बदलते यहां तक पहुंचा है जहां हम वर्तमान में जी रहे हैं। बदलाव की बात करते हैं तो पहले के समय में बच्चियों के विवाह के समय मां-बाप, रिश्तेदार या पास-पड़ौस वाले अपनी ओर से सम्मान स्वरूप या बच्ची के स्नेह स्वरूप कुछ भेंट दिया करते थे। उस भेंट ने कालांतर में चलकर दहेज का दानवी रूप ले लिया है। आज की स्थिति में दहेज देना एक मजबूरी सी हो गई है। हालांकि मजबूरी है नहीं, मगर बना दी गई है। दहेज के अलावा आजकल देखादेखी कुछ ज्यादा ही होने लगा है। मैरिज गार्डन करो, लाखों रुपए लगेंगे। स्टैण्डर्ड खाना बनवाओ, उसमें खूब पैसे लगेंगे। झूंठ छूटेगी वह अलग। चोरी होगी वह अलग। कई जगह देखा जाता है रसोई बनाने वाले कामगार ही सामान को पार कर ले जाते हैं। यानि की विवाह करने वाले को विशेषतौर से लड़की वालों को बड़े ही विचित्र सी स्थितियों से गुजरना पड़ता है। आजकल लड़के-लड़कियां भी कम नखरे नहीं करते हैं। तरह-तरह की च्वाइशें होती है उन्हें मां-बाप को पूरा करना पड़ता है। नहीं करने की स्थिति में अनहोनी का भय बना रहता है। इन तमाम बातों को समाज और समाज के लोग ही सुधार की ओर ले जा सकते हैं। आए दिन समाज में सुधार करने के लिए विचार-विमर्श होता रहता है। मगर, सकारात्मक कुछ नहीं होता। जो सुधार की बात करते हैं वे ही लोग अपने घर में जब कोई विवाह आदि होता है तो सुधार कहीं से कहीं तक नजर नहीं आता। मगर अभी सोशल मीडिया पर एक बहुत ही अच्छा समाचार पढ़ने को मिला। जिसमें बताया गया कि सिंधी समाज ने बहुत ही अच्छी पहल की है। जिसमें समाज के लोगों ने बैठकर अच्छी तरह सोच-विचार कर एक निर्णय लिया है जिसके अनुसार विवाह कार्यक्रम में भोजन के लिए 6 आइटम तय कर दिए हैं। 1. एक मिठाई, 2. रोटी, 3. चावल, 4. दाल, 5. एक सब्जी और 6. सलाद। शादी का कार्ड भी साधारण ही होगा। उपरोक्त आइटमों के अलावा और ज्यादा कुछ हुआ तो विवाह समारोह में जाने वाले अतिथि कन्यादान (शुभकामनाएं, कन्या दान यानी कि सहयोग के रूप में जो लिफाफा या गिफ्ट जो भी हो) तो करेंगे, मगर बिना कुछ खाये-पीये लौट जाएंगे। ऐसा करने पर विवाह में दिखावे के लिए फिजूल खर्ची करने वाले को शर्मिन्दा होना पड़ेगा। धीरे-धीरे यह परम्परा आगे बढ़ने लगेगी और एक बुराई से हमें छुटकारा मिलने लगेगा। जरा सोचिए। वर्षों की कमाई कुछ घंटों में खत्म हो जाती है उसके ऊपर से कर्ज हो जाता है, वह अलग। जिसे चुकाते-चुकाते उम्र कट जाती है। कई बार तो ऐसे समारोहों में आने वाले कहते सुने जाते हैं कि यार! सब्जी में तो मजा ही नहीं आया। खाना अच्छा नहीं बना। आदि, आदि। उन्हें पता नहीं होता कि इन आइटमों को बनाने के लिए तैयारियों में कितनी मेहनत और कितने वर्ष लगे हैं जिन्हें तुमने एक मिनट में मिट्टी में मिला दिया। इन बातों को अगर कार्यक्रम करने वाला सुने तो उसके दिल पर क्या बीतती होगी। इसलिए समाज की शुभता के लिए हमें सुधार करना ही होगा।

*Shivdayalmishra@gmail.com*



### स्वामी गोविंददेव गिरी महाराज का व्याख्यान कार्यक्रम में बोले सीएम

## पीएम मोदी ने अमृत काल में भारत को समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है-शर्मा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्वामी गोविंददेव गिरी महाराज ने व्याख्यान के आखरी दिन RIC में ब्यूरोक्रेटस के लिए स्पेशल प्रोग्राम किया। इस अवसर पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोक प्रशासन हमारे जीवन से लेकर मृत्यु तक भूमिका निभाता है। पीएम ने इस अमृत काल में भारत को समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है। भारत में अभी अमृत काल चल रहा है और यह वो काल खंड है जिसमें भारत छलांग लगा रहा है। 22 जनवरी को सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र अयोध्या में बना। **पेज 8 भी देखें**

### पीएम मोदी ने जम्मू में सभा कर परिवारवाद पर भी साधा निशाना, कहा...

# 'जम्मू में अब AIIMS भी है और T-IIM भी हैं'

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने जम्मू में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा उनका लक्ष्य जम्मू-कश्मीर को एक विकसित राज्य बनाना है और इस संकल्प के साथ उनकी सरकार काम कर रही है। पीएम ने इस दौरान परिवारवाद की राजनीति पर भी निशाना साधा और कहा कि इसका नुकसान हमारे युवा और नौजवान बेटे-बेटियां उठा रहे हैं। पीएम की यह सभा जम्मू के मौलाना आजाद मैदान में आयोजित की गई। प्रधानमंत्री मोदी का यह



दौरा विकसित भारत विकसित जम्मू कार्यक्रम के तहत हो रहा है। पीएम का दौरा लोकसभा चुनाव से पहले काफी अहम माना जा रहा है।

जम्मू के मौलाना आजाद मैदान में पीएम मोदी ने कहा कि नया भारत अपनी वर्तमान पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा खर्च कर रहा है। बीते 10 साल में देश में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटीज का निर्माण हुआ है।

पीएम मोदी ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सरकारें सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने में जुटी रहती हैं, वो सरकारें अपने राज्य के दूसरे युवाओं का भविष्य ताक पर रख देती हैं।

### पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट मंजूर

## मराठा समुदाय को 10% आरक्षण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मुंबई।** मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने मराठा समुदाय को रिजर्वेशन देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसके मुताबिक, राज्य में मराठा समुदाय को दस फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दी गई रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र से पहले मंगलवार सुबह एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इसमें पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को मंजूरी दे दी गई। रिपोर्ट में मराठा समुदाय को दस फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश की गई है। कुछ ही देर में विशेष सत्र में मराठा आरक्षण बिल पेश किया जाएगा। हाल ही में महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा आयोग के मुख्य न्यायाधीश शुक्रे ने मराठा समुदाय की सामाजिक और वित्तीय स्थिति पर आयोग की सर्वेक्षण रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी।

### रिपोर्ट में क्या है?

पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि मराठा समुदाय पिछड़ा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ऐसी असाधारण परिस्थितियाँ भी हैं जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण की आवश्यकता होती है। राज्य में 28 फीसदी लोग मराठा समुदाय से है। मराठा शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in






JAGRUK CITY
जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
जागरूक सिटी


## जयपुर-बठिण्डा ट्रेन व श्रीगंगानगर-जयपुर ट्रेन का नया ठहराव

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे ने यात्री सुविधाओं के मद्देनजर दो ट्रेनों का अलग-अलग स्टेशन पर ठहराव शुरू करने का निर्णय लिया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार बठिण्डा-जयपुर-बठिण्डा ट्रेन 22 फरवरी से रामगढ़ हॉल्ट स्टेशन व श्रीगंगानगर-जयपुर ट्रेन 21 फरवरी से दीपलाना स्टेशन पर ठहराव करेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार ट्रेन संख्या 04703, बठिण्डा-जयपुर स्पेशल 22 फरवरी से बठिण्डा से प्रस्थान करेगी। वह श्री रामगढ़ हॉल्ट स्टेशन पर 07.26 बजे आगमन एवं 07.27 बजे प्रस्थान करेगी।

### जयपुर-बठिण्डा स्पेशल का रामगढ़ हॉल्ट स्टेशन पर ठहराव

ट्रेन संख्या 04704, जयपुर-बठिण्डा स्पेशल 21 फरवरी से जयपुर से प्रस्थान करेगी वह श्री रामगढ़ हॉल्ट स्टेशन पर 18.52 बजे आगमन व 18.53 बजे प्रस्थान करेगी। ठहराव के कारण यह रेलसेवा नोहर स्टेशन पर 19.08 बजे आगमन व 19.10 बजे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय 19.11 बजे आगमन व 19.13 बजे प्रस्थान करेगी।

### श्रीगंगानगर-जयपुर का दीपलाना स्टेशन पर ठहराव

वहीं दूसरी तरफ ट्रेन संख्या 04705, श्रीगंगानगर-जयपुर प्रतिदिन स्पेशल 21.02.24 से श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा दीपलाना स्टेशन पर 03.08 बजे आगमन एवं 03.09 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04706, जयपुर-श्रीगंगानगर प्रतिदिन स्पेशल 21 फरवरी से जयपुर से प्रस्थान करेगी। वह दीपलाना स्टेशन पर 20.28 बजे आगमन व 20.29 बजे प्रस्थान करेगी।

# रोडवेज में शिकायत पेटिका सही व फोन नम्बर पठनीय नहीं तो, होगी कार्रवाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान रोड़वेज अपनी सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के लिए जानी जाती है। लेकिन, मुख्यालय को बार-बार ऐसी शिकायतें मिल रही थी बस में अंकित अधिकारियों व अन्य सहायता व सुविधा नम्बर पूरे नहीं होते है, किसी में आगे के नम्बर नहीं होते है, कहीं पीछे के दो-तीन अंक गायब मिलते है। इसके चलते मुख्यालय ने बसों में यात्री सुविधा के नम्बर अच्छी तरह से अंकित करने के निर्देश जारी किए है। साथ ही, शिकायत पेटिका को भी सभी बसों में दुरुस्त किया जाएगा।



### स्पष्ट रूप से लिखने होंगे नम्बर

यात्रियों की सुविधाओं के लिए रोडवेज बसों में फोन नम्बर अब स्पष्ट रूप से अंकित मिलेंगे। मुख्यालय ने सभी मुख्य प्रबंधक व प्रबंधक संचालन को इस संबंध में आदेश जारी किए है। उल्लेखनीय है कि मुख्यालय को बार-बार ऐसी शिकायतें मिल रही थी बस में अंकित अधिकारियों व अन्य सहायता व सुविधा नम्बर पूरे नहीं होते है। इसके चलते मुख्यालय ने बसों में यात्री सुविधा के नम्बर अच्छी तरह से अंकित करने के निर्देश जारी किए है।

### यात्रियों को होती है असुविधा

रोडवेज मुख्यालय ने आदेश में निगम और अनुबंधित समस्त वाहनों में यात्री निर्देश और दूरभाष नम्बर कटे-फटे प्रदर्शित होने के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार यात्रियों को मदद की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में यात्री रोडवेज प्रबंधन को सूचना नहीं दे पाते है। इसलिए नम्बर पठनीय स्थिति में होने आवश्यक है। वहीं शिकायत पेटिका भी दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए गए है।

### शिकायत पेटिका भी सही स्थिति में हो

**कार्यकारी** निदेशक यांत्रिकी ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि फोन नम्बर स्पष्ट होने के साथ शिकायत पेटिका भी बस में सही स्थिति में लगी होनी चाहिए। यह यात्री को नजर आनी चाहिए। अधिकांश बसों में शिकायत पेटिका कहीं दिखती नहीं है। ऐसी स्थिति में रोडवेज प्रबंधन यात्रियों से मिलने वाले फीडबैक से वंचित होता है। इसलिए शिकायत पेटिका भी सही स्थिति में होना चाहिए। आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के साथ लापरवाही बरतने पर सबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में एक हजार टन कचरे से रोजाना बनेगी12 मेगावाट बिजली**

# कचरे से तैयार होगी बिजली

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** घर से निकलने वाले कचरे से अब निगम बिजली बनाएगा। इसकी तैयारियां निगम स्तर पर जोरों पर चल रही हैं। इसके अलावा जल्द ही कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (सीएंडडी) वेस्ट का प्लांट चालू हो जाएगा। उम्मीद है कि इससे सड़क किनारे लगे मलबे के ढेर भी नहीं दिखेंगे। वहीं शहरी सरकारों को दोहरा फायदा होगा क्योंकि ये कम्पनियां कचरा उठाएंगी और यूजर चार्ज का 50 फीसदी निगम को देंगी।

निगम अधिकारियों के मुताबिक वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में एक हजार टन कचरे से रोजाना 12 मेगावाट बिजली बनेगी। लांगड़ियावास में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट तैयार होना शुरू हो गया है। करीब 15 हैक्टेयर जमीन निगम ने उपलब्ध करवाई है। जो बिजली बनेगी, उसे डिस्कॉम 7.31 रुपए प्रति यूनिट में खरीदेगा। इस प्रोजेक्ट पर 182 करोड़ रुपए खर्च होंगे और निगम 25 करोड़ रुपए देगा। निगम जो कचरा देगा, उसका 66 रुपए प्रति टन के हिसाब से शुल्क भी वसूलेगा। यानी निगम को प्रति माह 19.60 लाख रुपए भी मिलेंगे। यह प्लांट मई, 2025 में चालू हो जाएगा।

### प्लास्टिक का उपयोग

लांगड़ियावास में प्लास्टिक के कचरे से ईंधन बनाने वाला रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल प्लांट वर्ष 2008 से चल रहा है। इसकी क्षमता 350 टन है, लेकिन 220 टन कचरा ही मिल पा रहा है।

### निगम को मिलेगी रॉयल्टी

**एमआरएफ प्लांटः** मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) प्लांट भी डेढ़ हैक्टेयर में विकसित किया जा रहा है। 300 टन कचरा प्रतिदिन फर्म होटल और रेस्टोरेंट से एकत्र करेगी। निगम को कम्पनी 15.50 रुपए प्रति टन की रॉयल्टी भी देगी। 14 करोड़ रुपए प्लांट में खर्च होंगे और निगम 10 करोड़ रुपए खर्च करेगा। प्लांट लगाने वाली कम्पनी यूजर चार्ज के साथ कचरा संग्रहण करेगी, जिसका 50 फीसदी निगम कोष जमा होगा।

**सीएनडी वेस्ट प्लांटः** इसका काम अंतिम दौर में चल रहा है। अप्रैल में इसे चालू कर दिया जाएगा। लांगड़ियावास में बन रहे इस प्लांट में प्रतिदिन 300 टन सीएंडडी वेस्ट का निस्तारण होगा। इसे 2.5 हैक्टेयर में विकसित किया गया है। यहां टाइल से लेकर बजरी बनाई जाएगी। जल्द ही निगम एक हेल्पलाइन नम्बर जारी करेगा। उस नम्बर पर फोन कर शहरवासी कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट को उठवा सकेंगे। इसकी दर जल्द तय की जाएगी।

**प्लांट** की नियमित निगरानी की जा रही है। तय समय में इसको भी पूरा किया जाएगा।

**-आशीष गर्ग,** एक्सईएन प्रोजेक्ट, हैरिटेज निगम



**कुष्ठ निवारण नाटक और बसंत पंचमी आयोजित**

## रंगीलो राजस्थान नाटक से दिया लैंगिक समानता का संदेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केसर नगर स्थित जीएल सैनी नर्सिंग कॉलेज और अग्रणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी और अग्रणी कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल कॉलेज में कुष्ठ निवारण समापन और बसंत पंचमी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि औमाश्रय सेवाधाम संचालक यशपाल यश ने छात्रों को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए संबोधित किया। इस दिन को खास बनाने के लिए छात्रों ने रंगीलो राजस्थान नाटक मंचन द्वारा लैंगिक समानता के बारे में बताया और महिलाओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया और समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। कुष्ठ रोग कार्यक्रम का आयोजन बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा किया गया और उन्होंने इस बीमारी से जुड़े कलंक से निपटने और कुष्ठ रोग पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा कुष्ठ रोग के उपचार और रोकथाम के बारे में एक पीपीटी प्रस्तुति दी गई थी और बसंत पंचमी के अवसर पर प्राचार्य डॉ. हितेश गौतम ने कुष्ठ रोग निवारण पखवाड़ा समापन की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया बसंत पंचमी पर शिक्षा और दीक्षा में अंतर बताया। डॉ. मनमीत सिंह बैंस, कृष्ण कांत स्वर्णकार राजीव कुमार

## राहुल गांधी के खिलाफ जयपुर कोर्ट 23 को करेगा सुनवाई

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी एक नई मुसीबत में फंसे। जयपुर में राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में एक परिवाद पेश किया गया है। पीएम नरेन्द्र मोदी पर टिप्पणी करने को लेकर जयपुर महानगर-द्वितीय क्षेत्र स्थित महानगर मजिस्ट्रेट (क्रम-11) न्यायालय में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद पेश किया है। कोर्ट ने परिवाद पर 23 फरवरी की तारीख दी है। अधिवक्ता विजय कलंदर की ओर से यह परिवाद पेश किया गया है। परिवाद में कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्म से ओबीसी में नहीं होने की टिप्पणी की। परिवाद में राहुल के बयान से परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत होने का आरोप लगाया गया है। परिवाद में कहा गया कि राहुल गांधी के पीएम मोदी की जाति के खिलाफ दिए बयान से विभिन्न वर्ग व समुदायों में अविश्वास का भाव पैदा हुआ है।

### कार्यालय रिपोर्ट के लिए 23 की मिली तारीख

**परिवाद** में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में दिए गए बयान का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में कहा था कि पीएम मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं हैं। उनका जन्म ओबीसी वर्ग में नहीं हुआ था। उनके इस बयान को देश की शांति, सुरक्षा, एकता एवं अखंडता के खिलाफ बताया है। परिवाद पर महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-11 कोर्ट ने कार्यालय रिपोर्ट के लिए 23 फरवरी की तारीख दी है।

### रायगढ़ में राहुल गांधी ने दिया बयान

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ के रायगढ़ पहुंची जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था- मोदी जी संसद में कहते हैं ओबीसी वर्ग को भागीदारी की क्या जरूरत, मैं ओबीसी हूं। सबसे पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप लोगों को मूर्ख बनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी जी ओबीसी नहीं पैदा हुए थे।

### आपके पीएम ओबीसी नहीं पैदा हुए

**राहुल** गांधी ने आगे कहा, नरेंद्र मोदी तेली कास्ट में गुजरात में पैदा हुए थे। उनकी कम्युनिटी को भाजपा ने साल 2000 में ओबीसी बनाया। आपके पीएम ओबीसी नहीं पैदा हुए, प्रधानमंत्री जनरल कास्ट में पैदा हुए। वे पूरी दुनिया में झूठ बोल रहे हैं कि वे ओबीसी पैदा हुए। ये पूरी जिंदगी में जाति जनगणना नहीं करेंगे। जाति जनगणना कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी करेगा।

**इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का समापन**

## खेल में हार-जीत सिर्फ एक परिणाम है-बियानी



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के दो दिवसीय इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का समापन कालवाड स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के महाराणा प्रताप स्टेडियम में किया गया। समारोह में बियानी गर्ल्स कॉलेज, बियानी बीएड कॉलेज, बियानी नर्सिंग कॉलेज और बियानी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एण्ड मैनेजमेंट की टीमों ने उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी.वी. एन स्कूल के डायरेक्टर शिवराम यादव, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल निखिल शर्मा, कॉलेज के निदेशक डॉ. संजय बियानी, प्राचार्या डॉ. नेहा पांडे और कालवाड प्रिंसिपल डॉ. अजीत जैन रहे।

सभी अतिथियों ने पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए खेल की जीवन में महत्ता बताई और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलो की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। साथ ही अतिथियों द्वारा टूर्नामेंट में आयोजित मैचेज 100 मीटर रेस, 400 मीटर रेस , चेस, डिस्कस थ्रो, शॉट -पुट, जैवलिन थ्रो, टेबल टेनिस,क्रिकेट, वॉलीबॉल के विजेताओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान निदेशक डॉ. संजय बियानी ने कहा कि खेल में हार-जीत सिर्फ एक परिणाम है, महत्वपूर्ण है आपके प्रयास और संघर्ष का अनुभव। टूर्नामेंट का सफल संचालन स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. राजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. रमाकांत गौतम, सचिन बागोरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. नेहा पांडे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 5 पाक विस्थापितों को मिली भारतीय नागरिकता की सौगात



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** बरसों से भारत की नागरिकता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे पाक विस्थापितों के लिए खुशियां लेकर आया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) अबू सुफियान चौहान ने सोमवार को 5 पाक विस्थापितों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। इस मौके पर संजय कुमार, सुनीता, हर्षा, निशा एवं राजेश कुमार को भारतीय नागरिकता प्रमाण-पत्र की सौगात मिली। नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद संजय कुमार ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और आज हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सुफियान ने भारतीय नागरिकता हासिल करने वाले सभी पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि जिला प्रशासन नागरिकता के आवेदनों पर प्राथमिकता से नियमानुसार कार्यवाही कर प्रमाण-पत्र जारी करता है ताकि आवेदक किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।

## एसएमएस में आर्टियल ब्लड गैस टेस्ट फिर से शुरू


**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान की जनता को राहत के लिए खुशखबरी है। अब "ABG" टेस्ट के लिए मरीजों के परिजन भटकना नहीं पड़ेगा. एसएमएस ICU में ही फिर से आर्टियल ब्लड गैस टेस्ट शुरू किया गया है। खुद SMS मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ.राजीव बगरहट्टा का दावा है कि कार्टेज की दिक्कत के चलते ICU की मशीन में टेस्ट नहीं हो रहे थे। इसके बाद जैसे ही जानकारी में आया तो तत्काल कार्टेज की व्यवस्था की गई। डॉ. बगरहट्टा का दावा कि अब ICU में ही "ABG" टेस्ट होंगे। दरअसल, ICU में सुविधा के बावजूद "ABG" टेस्ट नहीं हो रहे थे। ऐसे में परिजन सैम्पल लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर थे।

### सार्वजनिक सूचना

मैं सतीश कुमार जागा पुत्र श्री गीलाराम जागा निवासी मकान नम्बर-सी-20 बी जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान), ने सनातन सेवा ट्रस्ट में कोषाध्यक्ष पद से त्याग पत्र दे दिया है। हाल ही में ट्रस्ट द्वारा कराये गए सामूहिक विवाह सम्मेलन से भी मेरा कोई लेना-देना नहीं था। मैंने अपनी स्वेच्छा से ट्रस्ट के अध्यक्ष महोदय को 20 फरवरी 2024 को त्याग पत्र दे दिया है। अब मेरी ट्रस्ट के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं है। ज्ञात रहे।

**सतीश कुमार जागा,** जयपुर
मो.-8079032773

MBBS Admission Open- 2023-24
Almaty,Kazakhstan




CASPIAN INTERNATIONAL SCHOOL OF MEDICINE
Kazakhstan




KAZAKH RUSSIAN MEDICAL UNIVERSITY
Kazakhstan

Contact US
Khevanshi
MBBS Council
Office : 311, 3rd Floor, Center Tower, Central Spine , Vidhyadhar Nagar, Jaipur(Raj.)
Website : www.khevanshimbbs.com e-Mail : enquiry@khevanshimbbs.com
Call +91 805-888-1-888

**ANCHOR** रेलवे की सुविधा

# आसानी से मिलेंगे जनरल टिकट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** रेलवे की नई सुविधा। अब जनरल टिकट आसानी से मिलेंगे। जयपुर जंक्शन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। अब उन्हें जनरल टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में जूझना नहीं पड़ेगा। साथ ही खुले पैसे की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। दरअसल, रेलवे ने डिजिटल इंडिया और कैशलेस लेनदेन की दिशा में एक पहल शुरू की है। इसके तहत जयपुर जंक्शन के छह टिकट काउंटर पर क्यूआर कोड स्कैनर मशीन लगाई गई है, जिससे यात्री ऑनलाइन भुगतान कर टिकट ले सकेंगे।

इस संबंध में जयपुर मंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि जयपुर जंक्शन स्टेशन के बाद अन्य स्टेशनों पर भी इसे शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसी ही सुविधा ट्रेनों में भी शुरू की जा चुकी है। उनमें यात्री जुर्माना भी हैंड हेल्ड मशीन( एचएचटी) के जरिए कर क्यूआर कोड स्कैनिंग से लिया जा रहा है।

### यों ले पाएंगे टिकट

**रेलवे** अधिकारियों ने बताया कि कंप्यूटर पर कर्मचारी जैसे ही टिकट जनरेट करेगा, स्कैनिंग मशीन पर भुगतान की राशि वाला क्यूआर कोड आ जाएगा। उसे स्कैन करते ही यात्री यूपीआइ के जरिए भुगतान कर सकेंगे।

# राजस्थान के 28 स्टेट हाईवे, 7 रेलवे ब्रिज ठीक होंगे

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान में अब रोड नेटवर्क को ठीक करने का काम शुरू होगा। सार्वजनिक निर्माण विभाग के जरिए 28 स्टेट हाईवे और 7 रेलवे ओवरब्रिज का रेनोवेशन करवाया जाएगा। वहीं, तीन नए आरओबी और फ्लाईओवर भी बनेंगे। जो बीकानेर और भरतपुर में बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इसके लिए करीब 907 करोड़ रुपए की लागत आएगी। ये काम केंद्र के सेंट्रल रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (सीआरआईएफ) के जरिए करवाया जाएगा, जिसके लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव तैयार करके भिजवाया गया है।

## जीरा,सरसों सौफ आदि फसलों के नुकसान पर कृषि विभाग ने किया सर्वे

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** केकड़ी क्षेत्र के ललाई, अजगरा, रूपनिवास, स्यार, हिंगोनिया, अजगरी, मेवदा कलां गांवों में जीरे, सरसों, सौंफ आदि फसलों का कृषि विभाग केकड़ी के संयुक्त निदेशक कृषि डॉ. महेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक निदेशक हेमराज मीणा सहित अन्य कृषि विशेषज्ञ ने कीट व रोग प्रकोप का सर्वे किया। सर्वे में जीरा फसल में झुलसा काल्या, उकठा एवं पीलिया रोगों के कारण 25 से 30 प्रतिशत खराबा पाया गया। झुलसा रोग के प्रकोप के कारण पौधों के सिरे झुके हुए से नजर आने लगते हैं। पौधों की पतियों एवं तनों पर गहरे भूरे रंग के धब्बें पढ़ जाते हैं। पुष्पन व दाना बनते समय आकाश में बादल छाए रहने से रोग के प्रकोप होने से काफी हानि होती हैं। झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु 0.5 मिली लीटर डाइफेनोकोनाजोल या 1 मिली लीटर प्रोपिकोनाजोल का प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर 15 दिन अंतराल पर छिड़काव करें।

### उदयपुर में अमित शाह का चुनावी शंखनाद, बोले-400 सीटें जीतनी है

# ‘कोई गलती नहीं होनी चाहिए’




» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** देश में लोकसभा चुनावों को लेकर बिगुल बज चुका है जहां बीजेपी-कांग्रेस के नेताओं के राजनीतिक दौरे शुरू हो गए हैं. इसी कड़ी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 20 फरवरी, मंगलवार को राजस्थान के दौरे पर है जहां उन्होंने पहले बीकानेर में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक की।

वहीं इसके बाद उदयपुर में आयोजित किए गए कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शाह ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें जीतनी हैं जिसमें कहीं भी गलती नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि राजस्थान में 2014, 2019 में सभी सीटें बीजेपी ने जीती थी और ऐसा ही इस बार भी होना चाहिए। बता दें कि लोकसभा चुनावों को लेकर राजस्थान में बीजेपी नेताओं की सभाओं का दौर शुरू हो गया है जिसकी शुरुआत मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की. शाह ने मंगलवार को एक ही दिन में वे प्रदेश की 9 लोकसभा सीटों को साध लिया. बीकानेर, उदयपुर और जयपुर संभाग की लोकसभा सीटों पर चुनावी शंखनाद करते हुए शाह ने इन 9 लोकसभा सीटों के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

## ‘अबकी बार 400 पार’

शाह ने कहा कि अभी हाल में बीजेपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री मोदी जी ने आह्वान किया है और दो नारे दिए गए हैं कि अबकी बार 400 पार और एक बार फिर से मोदी सरकार. उन्होंने कहा कि इसलिए इस बार भी राजस्थान में सभी की सभी सीटों पर विजयी होना है और फिर एक बार हैट्रिक लगानी है। शाह ने कहा कि 2014 में आपने सभी की सभी सीटें मोदी जी की झोली में डाल दी, 2019 में भी आपने सभी की सभी सीटें मोदी जी की झोली में डाल दी और हाल में जब विधानसभा का चुनाव हुआ इस चुनाव में भी भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की बीजेपी की सरकार बनी है।

## राजस्थान में डबल इंजन की सरकार

**गृहमंत्री** अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने 10 साल में हमारी अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से पांचवे नंबर पर खड़ा कर दिया और एक बार और मौका मिलेगा तो अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर आ जाएगी. उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उनके नेता देश का विभाजन करने पर तुले हैं और वह मांग करते हैं कि उत्तर भारत और दक्षिण भारत को बांटना चाहिए. शाह ने कहा कि आपने राजस्थान में डबल इंजन की सरकार दी है अब यहां किसी की हिम्मत नहीं है कि यहां कौमी दंगे कर सके। वहीं कश्मीर पर बोलते हुए शाह ने कहा कि हमने वहां से धारा 370 हटाई जहां कश्मीर में हर रोज धमाके होते रहते थे वहां आज दुनिया की कोई ताकत कश्मीर को हाथ नहीं लगा सकती है. उन्होंने कहा कि देशभर में किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6000 रुपए दिए जा रहे हैं और राजस्थान की भाजपा सरकार ने किसानों 6000 की जगह 8000 रुपए देने का काम किया है।

# फिर 199 के फेर में राजस्थान विस... 200 में से एक विधायक हुए कम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा भवन को लेकर फैला अपशकुन इस बार भी बना रहा। राजस्थान में पहले दो बार की तरह इस बार भी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव नहीं हो पाया। गौरतलब है कि गंगानगर की करणपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर की मौत हो गई थी। इस कारण यहां मतदान नहीं हुआ। बाद में वहां मतदान के बाद विधायक संख्या 200 पहुंची। वहीं सोमवार को बागीदौरा (बांसवाड़ा) से कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने विधायक पद से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। इससे विधानसभा में एक बार फिर सदस्यों की संख्या 200 से घटकर 199 रह गई। जिससे विधानसभा फिर एक बार 199 के फेर में फंसती नजर आ रही है। वहीं कांग्रेस के विधायकों की संख्या भी 69 पर आ गई।

## भाजपा में हुए शामिल

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए महेंद्रजीत सिंह मालवीया सोमवार को आखिर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ ने उन्हें दुपट्टा पहनाकर औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण कराई। इससे पहले मालवीया तीन दिन दिल्ली में रहे। जहां उन्होंने पार्टी के बड़े नेताओं से मुलाकात की।

## इसलिए दिया इस्तीफा

मालवीया को पार्टी में आने से पहले उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि वे दल बदल क़ानून के दायरे में आ रहे थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि वे अब कांग्रेस में नहीं रहे तो कांगेस का विधायक कैसे रह सकता हूं, इसलिए इस्तीफा दिया है।

# जागरूक खबरें

## ■ मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह आज, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी होंगी मुख्य अतिथि

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में राजकीय सावित्री बाई फुले छात्रावास, (कॉलेज स्तरीय) गांधीनगर, जयपुर में 21 फरवरी को दोपहर एक बजे "मुख्यमंत्री स्कूटी वितरण समारोह" होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में समारोह का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजन छात्रों एवं स्वरोजगार से जुड़े विशेष योग्यजनों के आवागमन को आसान बनाने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पात्र दिव्यांगजनों को निःशुल्क स्कूटी वितरित की जाती है।

## ■ राज्यस्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह 22 को

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह का आयोजन 22 फरवरी को जयपुर स्थित भगवंत सिंह मेहता सभागार, नेहरू भवन, हरिचन्द्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान, जेएलएन मार्ग, जयपुर में दोपहर एक बजे किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवां होंगे, इस अवसर पर 31 सर्वश्रेष्ठ विशेष योग्यजनों एवं विशेष योग्यजनों के लिए कार्यरत 23 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर एनजीओ पोर्टल का शुभारंभ किया जाना भी प्रस्तावित है। विशेष योग्यजन निदेशालय के आयुक्त एच गुईटे द्वारा "मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह" और राज्य स्तरीय दिव्यांगजन पुरस्कार समारोह के आयोजन के तैयारियों के संबंध में सोमवार को बैठक ली।

### तीन दशक पुरानी मांग पूरी होने से उत्साह का माहौल सीकर, चूरू और झुन्झुनूं से आए प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का व्यक्त किया आभार

# ताजेवाला हैड एमओयू से तीन जिलों को मिलेगा पानी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ताजेवाला हैड वर्क्स से शेखावाटी क्षेत्र में यमुना का पानी लाने के लिए ऐतिहासिक एमओयू करने के दो दिन बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर पहुंचे। जयपुर हवाई अड्डे पर सीकर, चूरू एवं झुन्झुनूं जिलों से बड़ी संख्या में आए जनप्रतिनिधियों, किसानों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आमजन ने त्रिपक्षीय एमओयू करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

आभार प्रकट करने आए लोगों ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र के इन जिलों तक यमुना का पानी लाने की मांग करीब तीन दशक पुरानी थी। 1994 में हुए यमुना जल समझौते के बाद भी राजस्थान यमुना जल से वंचित था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार बनते ही भारत सरकार और हरियाणा सरकार के साथ चर्चा एवं पत्र व्यवहार कर इस मुद्दे के समाधान के लिए पहल की। उनके प्रयासों से सरकार के कार्यकाल के पहले 2 माह में ही ताजेवाला हैड वर्क्स से पाइपलाइन बिछाकर पानी लाने के लिए एमओयू हुआ है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद सुमेधानंद सरस्वती, राहुल कस्वां, नरेन्द्र कुमार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व सांसद संतोष अहलावत, विधायक गोरधन, धर्मपाल तथा विक्रम झाखल के अतिरिक्त यमुना जल हमारा हक आंदोलन समिति (शेखावाटी) तथा शेखावाटी परिवार समिति जयपुर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में गत 17 फरवरी को नई दिल्ली में एक त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुए थे। केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के बीच हुए इस एमओयू के तहत ताजेवाला हैड से प्रवाह प्रणाली के क्रम में डीपीआर बनाने पर सहमति बनी। इस योजना के मूर्त रूप लेने के बाद राजस्थान को ताजेवाला हैड-वर्क्स से यमुना नदी का पानी मिल सकेगा और बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले जल का भी समुचित उपयोग हो सकेगा।




## सीएम को बताया राजस्थान का भागीरथ

**ताजेवाला** हैड वर्क्स का ऐतिहासिक एमओयू करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सोमवार सुबह दिल्ली से रवाना होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम जयपुर एयरपोर्ट के बाहर जमा होने लगा। मुख्यमंत्री को एयरपोर्ट से बाहर आता देख लोग उत्साहित होकर उनके स्वागत में नारे लगाने लगे। उन्होंने मुख्यमंत्री शर्मा का साफा और माला पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया। महिलाओं ने भी लोकगीत गाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। लोगों ने अपने हाथों में राजस्थान के भागीरथ भजनलाल शर्मा लिखी तख्तियां ले रखी थीं।

ANCHOR | भड़ास

### लोकेश शर्मा ने गहलोत पर साधा निशाना!

# ‘अपनों को सच-विपक्ष को रोज आइना दिखाऊंगा’, ‘कांग्रेसी हूं और कांग्रेसी रहूंगा’

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के कद्दावर नेता महेंद्र जीत मालवीया ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है। मालवीया के पार्टी से इस्तीफा देने और बीजेपी में शामिल होने के बाद कांग्रेसी नेता हमलावर हो गए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरोप लगाए कि मालवीया ने हमेशा अपने जिले और संसदीय क्षेत्र में पार्टी के प्रत्याशियों को हराने का काम किया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा लगातार अपनी पार्टी के दिग्गजों को आइना दिखाने का काम कर रहे हैं।



## ‘अपनों को सच दिखाऊंगा’

पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ‘कांग्रेसी था कांग्रेसी हूं और कांग्रेसी रहूंगा। रही बात बोलने की तो अपनों को सच दिखाऊंगा चाहे मेरी कितनी बुराई करें और विपक्ष को रोज आईना दिखाऊंगा, जनहित में बोलते हुए हर मुद्दे पे याद दिलाऊंगा उनको उन्हीं के शब्द और वादे।’

## गहलोत पर कसा था तंज

**राजस्थान** के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने शब्दवाणों से वार एक तीर से डबल वार किया। उन्होंने मालवीया के साथ गहलोत पर जमकर निशाना साधा। साथ ही लोकेश शर्मा ने पूर्व डिप्टी सीएम के हुए अपमान को लेकर भी तंज कसे।

## ‘गद्दार कहा, साथ खड़े, खासमखास बदले’

**लोकेश** शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक्स पर पोस्ट किया, ‘जिनको निकम्मा-नकारा, गद्दार कहा वो आज भी मजबूती के साथ खड़े हैं। वहीं, जो खासमखास बताए जाते थे वो पाला बदला चुके हैंG बता दें कि मालवीया पूर्व सीएम गहलोत के करीबी माने जाते हैं।

## गहलोत को याद दिलाए उनके ही शब्द?

**पूर्व** सीएम अशोक गहलोत ने पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के साथ हुए सियाशी मतभेदों के दौरान उन्हें नकारा और निकम्मा कहा था। कांग्रेस सरकार में सियाशी संकट के चलते गहलोत ने पायलट पर जमकर जुबाली हमले किए थे। तब कांग्रेस में काफी बवाल हुआ था। इसको लेकर पायलट ने भी नाराजगी जाहिर की थी।







## सम्पादकीय

# पहनावे पर बंदिश क्यों

नौसेना में अफसर और नौसैनिक मेस में कुर्ता-पायजामा पहनने की पहल हुई है, जिससे भारतीय परंपराएं, औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा मिलेगा। संस्कृति, इतिहास, पहनावा, विविधता, धर्म, नस्ल, शेरवानी, शाही परिवार, दरबारियों, सामाजिक हैसियत, विदेशी कपड़ा उद्योग, ब्रैंड, वैश्वीकरण भी जुड़ेंगे।

नौसेना में अफसर और नौसैनिक मेस में अब कुर्ता-पायजामा पहनेंगे। फौज में भारतीय परंपराओं को अपनाने और औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा पाने के लिए यह पहल हुई है। इसमें कोई शक नहीं कि संस्कृति और इतिहास से हमारी पोशाक भी जुड़ी रही है। और, कपड़े-लत्ते और पहनावा पहचान का भी हिस्सा हैं। लेकिन भारत के संदर्भ में यह समझना जरूरी है कि विविधता इसका स्वभाव रहा है। बाहर से अलग धर्म, नस्ल के लोग आए और यहां के जीवन-संस्कृति और इतिहास का हिस्सा बन गए। इन लोगों ने भारतीय संस्कृति से बहुत सारी चीजों को अपनाया और उन्होंने कई चीजें यहां के कल्चर को दीं। ये चीजें आज भी भारत की बोली-भाषा, खान-पान से लेकर लिबास तक का हिस्सा हैं। अब जिस कुर्ता-पायजामा को नौसैनिकों को मेस में पहनने को कहा गया है, खुद उसका इतिहास भी इस विविधता का आईना है। दरअसल, सलवार-कमीज का ही एक रूप कुर्ता-पायजामा है, जिसे मुगल पहना करते थे। वहीं, शेरवानी हिंदुस्तानी कल्चर में तुर्किये और फारस के लोगों के साथ आई। कपड़ा पहचान के साथ सामाजिक रुतबे का भी प्रतीक है। राजा-बादशाहों के दौर में शाही परिवार, दरबारियों और आम लोगों की पोशाक में फर्क हुआ करता था। औपनिवेशिक काल में ऐसे भारतीयों की कमी नहीं थी, जो अंग्रेजों की तरह कपड़े पहनते थे, उनकी भाषा में बातें करते और खुद को दूसरे भारतीयों से श्रेष्ठ समझते।

यही नहीं, जब अंग्रेज अपने फायदे के लिए भारतीय कपड़ा उद्योग को तबाह करने लगे तो महात्मा गांधी ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार का आह्वान किया। यह तब प्रतिरोध का जरिया और आजादी के आंदोलन का प्रतीक बना। ऐसा भी नहीं है कि सामाजिक हैसियत और कपड़े का यह जुड़ाव खत्म हो गया है। आज भी अमीर क्या पहनते हैं, इसे लेकर चर्चा होती है। कान फिल्म फेस्टिवल और ऑस्कर जैसे समारोहों में रेड कार्पेट पर सिलेब्रिटीज से पूछा जाता है कि उन्होंने किस डिजाइनर के बनाए कपड़े पहने हैं। यह उनकी अलग पहचान गढ़ता है। गुची, अरमानी, जिमी चू, लुई विता जैसे ब्रैंड इसीलिए फल-फूल रहे हैं क्योंकि समाज का एक तबका कपड़े-जूतों-बैग से अपनी बेहतर सामाजिक हैसियत का ऐलान करना चाहता है। समाजशास्त्री एम एन श्रीनिवास के संस्कृतिकरण के सिद्धांत से मध्यवर्गीय समाज की इन ब्रैंडों की ओर आकर्षण की बात समझी जा सकती है। इसी वजह से जारा और H&M जैसे ब्रैंडों ने भारत में बहुत जल्द बड़ा बाजार बनाने में कामयाबी हासिल की है। ये उस नए भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जिसकी शुरुआत नब्बे के दशक के आर्थिक सुधारों के साथ हुई। भारत ने तब अपने बाजार दुनिया के लिए खोल दिए। वैश्वीकरण की सीढ़ियां चढ़कर वह दुनिया की 5वीं बड़ी इकॉनमी बना। आज मीडिया-इंटरनेट की बदौलत लोग दुनिया के पहनावे और लेटेस्ट फैशन से वाकिफ हैं। बेशक, भारतीयों को अपनी विरासत पर गर्व है, लेकिन वे पहनावे को लेकर किसी बंधन से नहीं बंधे हैं। वेस्टर्न ड्रेसेज को लेकर उनके अंदर कोई झिझक नहीं है, न ही जींस से कोई ऐतराज। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के शोर के बीच भारतीयों ने विविधता की विरासत को जिंदा रखा है, जो आगे भी फलता-फूलता रहेगा।

**साइबर अपराधों से निपटने के लिए तंत्र को मजबूत करने के लिहाज से केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इनमें से सबसे प्रमुख है भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना। गृह मंत्रालय ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराध से व्यापक तरीके से निपटने के लिए यह केंद्र तैयार किया है।**


# कैसे संभव होगा साइबर सुरक्षित भविष्य



श्याम माथुर
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**देशभर में साइबर अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और जागरूकता की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग इनके शिकार हो रहे हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाए हैं, लेकिन आम लोगों को इसकी पूरी जानकारी भी नहीं है।**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



डिजिटल दौर में हमें हर दिन साइबर अपराध की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। क्या आप सोच सकते हैं कि गार्डन में घास काटने वाली स्मार्ट मशीन के जरिए भी अपराधी क्राइम को अंजाम दे सकते हैं। एक रिसर्च में यह बात सामने आई है। वीपीएन सर्विस प्रोवाइडर जेनशील्ड के अनुसार, स्मार्ट उपकरणों को शक्ति देने वाले लॉन मूवर सॉफ्टवेयर का उपयोग करके आपके डिवाइस को हैक किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा, आपके गार्डन में घास काटने वाली स्मार्ट मशीन इंटरनेट से जुड़े उपकरण, इंटरनेट ऑफ थिंग्स का एक हिस्सा बन जाते हैं। ये सुविधा प्रदान करने वाले उपकरण संवेदनशील उपकरणों में घुसपैठ के रास्ते भी खोल देते हैं। एक हालिया अध्ययन में बगीचे की घास काटने वाली मशीनों सहित स्मार्ट उपकरणों वाले घरों में साप्ताहिक रूप से लगभग 12 हजार हैकिंग प्रयासों का पता चला है। यह एक अजीब दुनिया है जहां लॉन में घास काटने वाला आपकी मशीन रैंसमवेयर हमले के लिए प्रवेश बिंदु बन सकता है। शोध में एक नकली स्मार्ट होम बनाया गया, जिसमें कई तरह के स्मार्ट उपकरण थे, जो इंटरनेट से जुड़े हुए थे। हैकर्स ने प्रति घंटे 14 बार डिवाइस में सेंध लगाने का प्रयास किया। दरअसल ये अपराधी वास्तव में आपकी घास काटने की मशीन के साथ खिलवाड़ करने में रुचि नहीं रखते हैं, वे आपके घरेलू नेटवर्क में कमजोर बिंदुओं को खोजने में बहुत रुचि रखते हैं, जिनका वे फायदा उठा सकते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, इंटरनेट ऑफ थिंग्स डिवाइस कई कारणों से साइबर अपराधियों में लोकप्रिय हैं, जिससे वह आसानी से सेंध लगा सकते हैं। आपके इंटरनेट ऑफ थिंग्स उपकरणों को सुरक्षित करने के लिए शोधकर्ताओं ने डिफॉल्ट सेटिंग बदलने, नियमित सॉफ्टवेयर अपडेट जैसे कई कदम सुझाए हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) अपने पब्लिकेशन क्राइम इन इंडिया में अपराधों से संबंधित डेटा को इकट्ठा कर प्रकाशित करता है। ब्यूरो की हाल ही प्रकाशित रिपोर्ट से पता चलता है कि देशभर में साइबर अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और जागरूकता की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग इनके शिकार हो रहे हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने अपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता से ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए कई जरूरी कदम उठाए हैं, लेकिन आम लोगों को इसकी पूरी जानकारी भी नहीं है। व्यापक और समन्वित तरीके से साइबर अपराधों से निपटने के लिए तंत्र को मजबूत करने के लिहाज से, केंद्र सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इनमें से सबसे प्रमुख है 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र'। गृह मंत्रालय ने देश में सभी प्रकार के साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए यह केंद्र तैयार किया है। इसके तहत मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापत्तनम और गुवाहाटी के लिए सात संयुक्त साइबर समन्वय टीमों का गठन किया गया है, जो साइबर अपराध हॉटस्पॉट/क्षेत्रों के आधार पर पूरे देश को कवर करती है, जिसमें राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय ढांचे को बढ़ाने के लिए शामिल राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। 2023 में हैदराबाद, अहमदाबाद, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम, लखनऊ, रांची और चंडीगढ़ में जेसीसीटी के लिए सात कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

राज्य/केंद्रशासित प्रदेश पुलिस के जांच अधिकारियों (आईओ) को प्रारंभिक चरण की साइबर फोरेंसिक सहायता प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (जांच) तैयार की गई है। अब तक, राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (जांच) ने साइबर अपराधों से संबंधित मामलों की जांच में मदद करने के लिए राज्य एलईए को लगभग 9,000 साइबर फोरेंसिक जैसे मोबाइल फोरेंसिक, मेमोरी फोरेंसिक, कॉल डेटा रिकॉर्ड (सीडीआर) विश्लेषण इत्यादि में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान देने के साथ, जनता को सभी प्रकार के साइबर अपराधों से संबंधित घटनाओं की रिपोर्ट करने में सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल पर रिपोर्ट की गई साइबर अपराध की घटनाएं, उन्हें एफआईआर में बदलना और उसके बाद की कार्रवाई को कानून के प्रावधानों के अनुसार संबंधित राज्य/केंद्रशासित प्रदेश कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल रिपोर्टिंग और धोखेबाजों द्वारा धन की हेराफेरी को रोकने के लिए सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च किया गया है। अब तक 4.7 लाख से ज्यादा शिकायतों में 1200 करोड़ रुपए बचाए गए हैं। ऑनलाइन साइबर शिकायतें दर्ज करने में सहायता प्राप्त करने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 चालू किया गया है।

सर्टिफिकेशन के साथ-साथ साइबर अपराध जांच, फोरेंसिक, अभियोजन आदि के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से पुलिस अधिकारियों/न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) प्लेटफॉर्म, अर्थात साइट्रेन पोर्टल बनाया गया है। राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 76,000 से अधिक पुलिस अधिकारी पंजीकृत हैं और पोर्टल के माध्यम से 53,000 से अधिक प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब तक 3.2 लाख से अधिक सिम कार्ड और 49,000 आईएमईआई को भारत सरकार द्वारा ब्लॉक कर दिया गया है।


गृह मंत्रालय ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध रोकथाम (सीसीपीडब्ल्यूसी) योजना के तहत, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को साइबर फोरेंसिक-सह-प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना, जूनियर साइबर सलाहकारों की नियुक्ति और एलईए कार्मिक, लोक अभियोजक और न्यायिक अधिकारी के प्रशिक्षण जैसी क्षमता निर्माण और के लिए 122.24 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। अब तक, 33 राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों में साइबर फोरेंसिक-सह-प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। अब तक, 24,600 से अधिक एलईए कर्मियों, न्यायिक अधिकारियों और अभियोजकों को साइबर अपराध जागरूकता, जांच, फोरेंसिक आदि पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (साक्ष्य) हैदराबाद में बनाई गई है। यह प्रयोगशाला साइबर अपराध से संबंधित साक्ष्य के मामलों में आवश्यक फोरेंसिक सहायता प्रदान करती है। साइबर अपराध पर जागरूकता फैलाने के लिए केंद्र सरकार ने कदम उठाए हैं, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से संदेशों का प्रसार, सोशल मीडिया अकाउंट यानी और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से सुरक्षा जागरूकता सप्ताह, किशोरों/ छात्रों के लिए हैंडबुक का प्रकाशन आदि शामिल हैं। राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों से व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए प्रचार-प्रसार करने का भी अनुरोध किया गया है। सीईआरटी-इन निरंतर आधार पर कंप्यूटर, मोबाइल फोन, नेटवर्क और डेटा की सुरक्षा के लिए नवीनतम साइबर खतरों/कमजोरियों और जवाबी उपायों के संबंध में अलर्ट और सलाह जारी करता है। सीईआरटी-इन ने आरबीआई के माध्यम से देश में प्री-पेड भुगतान उपकरण (वॉलेट) जारी करने वाली सभी अधिकृत संस्थाओं और बैंकों को सीईआरटी-इन-पैनल वाले ऑडिटर्स द्वारा विशेष ऑडिट करवाने, ऑडिट रिपोर्ट में पाई गई कमियों वाली सेवाओं को बंद करने की सलाह दी है। सीईआरटी-इन और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) संयुक्त रूप से डिजिटल इंडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से 'वित्तीय धोखाधड़ी से सावधान रहें और जागरूक रहें' थीम पर एक साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

( ये लेखक के अपने विचार है)

**अच्छे विचारों की अधिकता से ही हमारे जीवन में अच्छाई का संचार होगा। पूरी जिंदगी व्यक्ति अपने विचारों के साथ रहता है। कहना गलत नहीं होगा कि मनुष्य कुल मिलाकर अपने ही विचारों और मान्यताओं का परिणाम होता है। कोई भला कैसे समझे कि कौन से विचार अच्छे हैं और कौन से बुरे।**

# सकारात्मक सोच स्वयं की मित्र हो सकती हैं



प्रदीप शर्मा
समाजसेवी
@jagrukjanta.net

**मनुष्य के मन में हर क्षण विचार उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। व्यक्ति के साथ जिस प्रकार समाज का व्यवहार होता है, उसी के अनुरूप वह स्वयं को गढ़ता चला जाता है।**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

गीता में कहा गया है कि अपने द्वारा अपना उद्धार करें, अपना पतन न करें, क्योंकि आप ही अपने मित्र हैं और आप ही अपने शत्रु। इसका सीधा संबंध उन विचारों से है जो जीवन को गतिमान बनाए रखने के लिए हमारे मस्तिष्क में उभरते हैं। मनुष्य के मन में हर क्षण विचार उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। व्यक्ति के साथ जिस प्रकार समाज का व्यवहार होता है, उसी के अनुरूप वह स्वयं को गढ़ता चला जाता है। यानी जैसे विचार, वैसा व्यक्तित्व। यह भी कह सकते हैं कि जैसे व्यक्ति के विचार होते हैं, समाज वैसा ही उसके साथ व्यवहार करता है। यह सच है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार ही सबसे उपयुक्त लगते हैं। दरअसल, श्रद्धा के अनुसार मनुष्य के विचार विकसित होते जाते हैं और विचारों के अनुसार ही उसका स्वरूप सामने आता है। आप कह सकते हैं कि मनुष्य के सबसे करीब उसके अपने विचार ही होते हैं, इतने करीब कि उसके हाथ-पैर और आंख-कान जैसे अंग भी इतने करीब नहीं होते।

इन विचारों का व्यक्ति पर प्रभाव क्या होता है तो इसके लिए विचार करना चाहिए कि 'मैं' शरीर नहीं हूं, क्योंकि शरीर तो बदलता रहता है और मैं वही रहता हूं। यह शरीर मेरा भी नहीं है, क्योंकि शरीर पर इनसानी वश नहीं चलता अर्थात इसे जैसे रखना चाहें, नहीं रख सकते। जितने दिन रखना चाहें, उतने दिन नहीं रख सकते। जैसा सबल बनाना चाहें, नहीं बना सकते।

अर्थात शरीर पर वश नहीं, विचारों पर हो सकता है। हम विचारों का चयन कर सकते हैं- अच्छे या बुरे। सकारात्मक या नकारात्मक। जिस प्रकार हम स्वयं के लिए अच्छे मित्र साबित हो सकते हैं, उसी प्रकार हमारे अच्छे विचार ही हमारे परम मित्र बन सकते हैं। यदि हमारे विचार अच्छे और शुभ हैं तो उसका अच्छा प्रभाव हमारे जीवन पर निश्चित पड़ेगा। इसी तरह यदि हमारा



विचार प्रतिकूल है तो उसका बुरा प्रभाव जीवन पर दिखाई देगा। बुरे विचार हमारे परम शत्रु बन जाएंगे। हमारे विचार करने के ढंग से ही हमारे साथ भली-बुरी घटनाएं घटित होती रहती हैं। उसी तरह के लोग हमसे जुड़ते या छिटकते चले जाते हैं। जैसे हमारे विचार और धारणाएं होंगी, उसी तरह की चीजों की ओर हमारा व्यक्तित्व आकर्षित होता चला जाएगा। हमारी समस्या, विपदा आदि हमारे द्वारा ही उत्पन्न की गई होती है। इसलिए कहना गलत नहीं होगा कि शुभ विचार ही हमारी असली संपदा होते हैं।

पूरी जिंदगी व्यक्ति अपने विचारों के साथ रहता है। कोई भला कैसे समझे कि कौन से विचार अच्छे हैं और कौन से बुरे। इसे इस प्रकार समझा जा सकता है कि जिन विचारों के परिणाम स्वरूप व्यक्ति को दुख और हानि का अनुभव होता है, वे ही अशुभ होते हैं और जिन धारणाओं के परिणाम स्वरूप सुख और लाभ मिलता है, उन्हीं को तो शुभ विचार कहा जाता है। इसी प्रकार नैतिक और अनैतिक विचार होते हैं। कुछ नीति सम्मत होते हैं तो कुछ विचार अनीति का अवगुण लिए होते हैं। कुछ विचारों के कारण विषाद, क्रोध, जलन और प्रतिशोध उत्पन्न होता है, तो कुछ विचारों के कारण इंसान में प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना जागृत होती है। सवाल उठता है कि व्यक्ति में बुरे विचार क्यों और कहां से आते हैं। निश्चित ही कुछ विचार हमारे मन को दुखी करते हैं तो कुछ विचारों से हमारे मन को संबल और आसरा मिलता है। जिन विचारों से मन को ठेस पहुंचती है, वे बाहरी और आंतरिक तौर पर भी व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं और भाव या नीयत को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस समय मन में बुरे विचार आते हैं, उसी क्षण तो मनुष्य चिंता, भय और निराशा का अनुभव करता है। आपके विचार केवल उस चीज की गंध यानी सुगंध या दुर्गंध हैं, जो आप अपने भीतर रखते, महसूस करते हैं। इससे अलग कुछ भी नया नहीं है। यदि आप अपने द्वारा एकत्रित की गई चीजों को अपने मस्तिष्क में नहीं जाने देते हैं, तो आपका मस्तिष्क अभूतपूर्व तरीके से काम करेगा। यह ऐसे काम कर सकता है जिनके बारे में आपने कल्पना भी नहीं की होगी। दुनिया में भले-बुरे अनुभव होते ही रहते हैं। बहुत बार तो हम अपने ही मन की उलझी हुई कल्पना के अनुसार भले को बुरा और बुरे को भला मान बैठते हैं। हमें यह निश्चय करना है कि किसी ने किसी कारणवश कभी बुराई भी की हो, तो भी उसके लिए विषाद, क्रोध और बदला लेने के विचार को त्याग देना है। आप कितना भी कुछ भी कर लें, गलत विचार कभी भी कल्याण नहीं कर पाएंगे, बल्कि हानि ही करेंगे। किसी को आघात करने वाले विचारों से न तो आपके हृदय का घाव ही भरेगा और न ही संबंधित व्यक्ति को किसी प्रकार का दंड मिल सकेगा। यह बहुत संभव है कि वह पुनः ज्यादा तीव्र ढंग से हानिकारक प्रतिकार करे और आपको उसका खमियाजा भुगतना पड़े। क्या यह हमारे लिए बहुत जरूरी नहीं है कि आनंद, दया, प्रेम, सेवा और शांति आदि उत्पन्न करने वाले विचारों को बार-बार मन में लाएं। उन्हें पोसें-पल्लवित करें। सब जानते हैं कि विचारों की शुद्धि ही मन की शुद्धि है।

(ये लेखक के अपने विचार है)

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



भगवान ने सब कुछ दिया है निरोगी काया, घर परिवार, सम्पति फिर भी हम दुःखी हैं। यह भ्रांति यह अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है। हमारे अज्ञान के कारण हैं- क्रोध, मान, लोभ, माया आदि। सब सुख-सुविधा, सब साधन किस काम के यदि ये हमें मन की शांति न दे सकें। विज्ञान में कार्य और कारण का सिद्धांत है बिना कारण के कार्य नहीं होता। हम जो बोयेंगे, उसी कारण के परिणाम स्वरूप कर्म यानि फल तो आयेगा ही। हम जो भी अच्छा या बुरा फल भोग रहे हैं, वह हमारे ही कर्मों का फल है। संसार में बंधन और दुखी होने का एक कारण है द्वेष यानि एक दूसरे से बैर। जगत के लोग बैर से बंधे हुए हैं। बैर से क्लेश होता है। हम किसी से बैर न करें, किसी को भी हमारे कारण दुख न हो यही है सुखी होने का मार्ग। एक ही व्यक्ति के साथ बंधा हुआ बैर हमें कई जन्मों तक भटकाएगा। जीव मात्र सुख चाहता है किन्तु हमें परिवार में समाज में जीवन में चारों ओर मिलता है दुख। इसका कारण है हम अपने कर्तव्य का पालन नहीं करते। हमारा पहला कर्तव्य अपने माता-पिता के प्रति है। भगवान के बाद यदि किसी का स्थान माना जाए तो वह है मां का। उसमें वात्सल्य समर्पण निःस्वार्थ प्रेम समाया हुआ है, उसका कोई मोल नहीं लगा सकते। हमारा फर्ज है हम माता-पिता का विनय करें और उनकी सेवा करें। उन्हें दुःख न हो ऐसा व्यवहार करें। मां-बाप के आशीर्वाद से संसार की सब सुख-समृद्धि हमें घर बैठ मिल जाएगी।

**क्रमशः**

## ओपिनियन

# देश के लिए चुनौती बन रहीं स्लम बस्तियां

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

इन दिनों स्लम बस्तियां दुनिया ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी एक समस्या बनी हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार, दुनिया की लगभग एक चौथाई शहरी आबादी स्लम बस्तियों में रहती है। वहीं आने वाले 10 वर्षों में भारत की 50 प्रतिशत आबादी नगरों में रहने लगेगी। भारत की वर्तमान आबादी का 28 प्रतिशत हिस्सा शहरों में रहता है। शहरी आबादी में होने वाली इस बेतहाशा वृद्धि का सीधा प्रभाव उनके आवास पर पड़ेगा, जिससे आने वाले वर्षों में मलिन बस्तियों में रहने वाली आबादी में तीव्र वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 2,613 शहरों में स्लम एरिया हैं, जहां बहुत सी आबादी इन बस्तियों में रहती है। इनमें से 57 फीसदी आबादी तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आती है।

वहीं दिल्ली दुनिया का छठा सबसे बड़ा महानगर है। इसके बावजूद यहां एक तिहाई आवास स्लम क्षेत्र का हिस्सा हैं, जिनके पास कोई बुनियादी संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं। हाल ही में जारी एक रिपोर्ट की मानें तो देश में जहां हर छठा शहरी नागरिक स्लम बस्तियों में रहने के लिए मजबूर है। ये बस्तियां इंसानों के रहने के लायक नहीं मानी जाती। यहां रहने वाला हर भारतीय शहरी नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर है। आंकड़े बताते हैं कि जहां आंध्र प्रदेश में हर तीसरा शहरी परिवार इन मलिन बस्तियों में रहता है, वहीं ओडिशा में हर 10 घरों में से नौ में जल निकासी की कोई सुविधा नहीं है। देश के 65 प्रतिशत शहरों में स्लम बस्तियां देखी जा सकती हैं। शहरों की चकाचौंध भरी दुनिया का हिस्सा होने के बावजूद इन बस्तियों में रहने वाले लोग आज भी अंधेरे में हैं।

आंकड़ों की मानें तो देश में हर 10 में से छह लोग झुग्गी-झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर हैं। इन बस्तियों में लोग गंदी और बदबूदार नालियों के बीच रह रहे हैं। वहीं हर 10 में से चार को आजादी के 72 साल बाद भी साफ पानी जैसी बुनियादी सुविधा नहीं मिल पाई है। इन गंदी बस्तियों में रहने वाले इस विकसित समाज, राजनीतिक गलियारों और प्रशासन की बेरुखी का शिकार हैं। असल में स्लम क्षेत्र का आशय सार्वजनिक भूमि पर अवैध शहरी बस्तियों से है। आमतौर पर यह एक निश्चित अवधि के दौरान निरंतर एवं अनियमित तरीके से विकसित होता है। स्लम क्षेत्रों को शहरीकरण का एक अभिन्न अंग माना जाता है और शहरी क्षेत्र में समग्र सामाजिक-आर्थिक नीतियों एवं योजनाओं की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाता है। देश में कई स्लम एरिया हैं, जहां लोग गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। ऐसे में इन जगहों पर साक्षरता दर कम ही देखने को मिलती है। हालांकि देश के सबसे बड़े स्लम एरिया धारावी में साक्षरता दर 69 प्रतिशत है। इधर, आंध्र प्रदेश में शहरी आबादी का 36.1 प्रतिशत हिस्सा मलिन बस्तियों में रहता है। वहीं छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की शहरी आबादी का एक बड़ा हिस्सा इन मलिन बस्तियों में रहने के लिए मजबूर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ओडिशा की मलिन बस्तियों में रहने वाले 64.1 प्रतिशत घरों में अब तक पीने का स्वच्छ पानी नहीं पहुंच पाया है, वहीं दूसरी ओर इन बस्तियों के 90.6 प्रतिशत घरों से जल निकासी का कोई प्रबंध नहीं है, जिससे आए दिन यहां रहने वाले लोगों के बीमार होने का खतरा बना हुआ है। देश में 13.7 मिलियन स्लम घरों में कुल 65.49 मिलियन लोग निवास करते हैं। लगभग 65 प्रतिशत भारतीय शहरों के आसपास झुग्गियां और स्लम क्षेत्र मौजूद हैं, जहां लोग घनी बस्तियों में रहते हैं। नेशनल सर्विस स्कीम राउंड के सर्वेक्षण के अनुसार, वर्ष 2012 तक दिल्ली में लगभग 6,343 स्लम बस्तियां थीं, जिनमें दस लाख से अधिक घर थे, जहां दिल्ली की कुल आबादी का 52 प्रतिशत हिस्सा निवास करता था। देश की लगभग 81 प्रतिशत आबादी अनौपचारिक क्षेत्र में कार्य करती है। संपूर्ण कोविड लॉकडाउन के अचानक लागू होने से झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की आजीविका काफी बुरी तरह प्रभावित हुई थी। पूर्व लॉकडाउन के बाद दिल्ली में भारी संख्या में रिवर्स माइग्रेशन देखा गया, जब हजारों प्रवासी कामगार अपने गृहनगर वापस चले गए। इस दौरान लगभग 70 प्रतिशत स्लम निवासी बेरोजगार हो गए, वहीं 10 प्रतिशत की मजदूरी में कटौती हुई और आठ प्रतिशत पर इसके अन्य प्रभाव देखे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंट एंड पॉल्यूशन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्लम बस्तियों से होने वाले प्रदूषण के कारण एशिया में मौसम के पैटर्न में बदलाव आ रहा है।

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



शिवांश पुत्र अंजली-मुकेश, जयपुर

**हमे भेजें**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 21/02/2024**

**सूर्योदय** : 07:02 **सूर्यास्त** : 18:18 **चन्द्रोदय** : 15:33 **चन्द्रास्त** : 05:05 **शक सम्वत** : 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना** : माघ **पूर्णिमांत** : माघ **सूर्य राशि** : कुम्भ **चन्द्र राशि** : मिथुन **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : द्वादशी, 11:29 तक **वार** : बुधवार **शक सम्वत** : 1945 शोभकृत **चन्द्रमास माघ** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2080 नल **माघ** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पुनर्वसु, 14:16 तक
**योग** : आयुष्मान, 11:50 तक
**प्रथम करण** : बालवा, 11:29 तक
**द्वितिय करण** : कौवाला, 24:24 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:13 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:39 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:28 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:13 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:15 पी एम से |
| अमृत काल | 11:41 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:9 एएम, फरवरी 22 से 01:00 एएम, फरवरी 22 |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शनि
कुंभ चक्र: पश्चिम

## चौघड़िया

**दिन का चौघड़िया**

| | |
|---|---|
| लाभ | : 07:01 - 08:26 |
| अमृत | : 08:26 - 09:50 |
| काल काल वेला | : 09:50 - 11:15 |
| शुभ | : 11:15 - 12:39 |
| रोग वार वेला | : 12:39 - 14:04 |
| उद्वेग | : 14:04 - 15:28 |
| चर | : 15:28 - 16:53 |
| लाभ | : 16:53 - 18:17 |

**रात का चौघड़िया**

उद्वेग : 18:17 - 19:53
शुभ : 19:53 - 21:28
अमृत : 21:28 - 23:04
चर : 23:04 - 00:39
रोग : 00:39 - 02:14
काल : 02:14 - 03:50
लाभ : 03:50 - 05:25
उद्वेग : 05:25 - 07:01

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वादशी

### आज कौन सा कार्य करें

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें** :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैत्रऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें**:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

माघ, शुक्ल, द्वादशी, 2080 बुधवार, 21 फरवरी - 27 फरवरी, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कम समय में अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मध्यान पश्चात मित्र-परिजनों के साथ मनोरंजन के अवसर मिलेंगे धार्मिक कार्यो में भी उपस्थिति देंगे। उत्तम भोजन वाहन सुख मिलेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
क्रय-विक्रय के व्यापार से लाभ होगा विदेशी वस्तुओ के व्यापार में निवेश आगे के लिये लाभदायक रहेगा। प्रेम प्रसंगों में सम्बन्ध बिगड़ेंगे। संध्या बाद असंयमित दिनचर्या से थकान रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
आकस्मिक यात्रा के योग बनेंगे यात्रा में चोटादि का भय है सावधान रहें। सरकारी दस्तावेजो को संभाल कर रखें। संतान के कारण हानि हो सकती है। विदेशी अथवा दूर रहने वाले व्यक्ति से लाभ हो सकता है।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# चूरू पहुंचेगा सबसे पहले यमुना का पानी, सबसे बड़ा बांध बनाने की है तैयारी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**झुंझुनूं।** यमुना का पानी शेखावाटी को देने को लेकर नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के बीच सहमति बनी थी। सहमति के अनुसार नई डीपीआर चार माह में तैयार होनी है। यमुना जल समझौते की पालना में बनी सहमति के अनुसार हरियाणा में हथिनी कुंड बैराज के ताजेवाला हैड से यमुना का पानी शेखावाटी में सबसे पहले चूरू जिले के हांसियावास गांव में आएगा। जानकारी के अनुसार हांसियावास व तांबा खेड़ा गांव के निकट बांध बनाया जाएगा। यह कृत्रिम बांध चूरू जिले का सबसे बड़ा बांध होगा। यहां ताजेवाला हैड से लोहे के बड़े पाइपों से पानी लाया जाएगा। यमुना के पानी लाने की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर काम चल रहा है। यह डीपीआर जून तक बनकर तैयार हो जाएगी। पहले यह बांध राजगढ़ के निकट गोठया बड़ी गांव में बनना था, लेकिन अब सिधमुख क्षेत्र के हांसियावास गांव में बनना लगभग तय है। सिर्फ मुहर लगना बाकी है।

### बांध बनाए जाने की बड़ी वजह

हांसियावास गांव की हरियाणा से दूरी मात्र सात किमी है। यमुना का पानी केवल बरसात के दिनों में मिलेगा। समझौते के अनुसार पानी केवल 120 दिन जुलाई से अक्टूबर के मध्य शेखावाटी को दिया जाएगा। चूंकि उस समय शेखावाटी में भी बरसात होगी। इसलिए पानी को बड़े बांध में एकत्रित किया जाएगा। बाद में जरूरत के अनुसार लिफ्ट कर पानी को झुंझुनूं, सीकर, चूरू और नीमकाथाना जिले में उपलब्ध कराया जाएगा।

### तीन जल भंडारण बनेंगे

नई डीपीआर के अनुसार अपर यमुना बेसिन में तीन जल भंडारण रेणुकली, लखवार और किशाऊ चिह्नित किए गए हैं। यहां से राजस्थान को हथिनीकुंड से निर्धारित अवधि के लिए जल उपलब्ध कराया जाएगा।

### ये हुआ है अहम समझौता

गौरतलब है कि यमुना जल बंटवारा विवाद को हाल ही में सुलझा लिया गया है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की पहल पर और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में बीते शनिवार को दिल्ली में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के लिए त्रिपक्षीय एमओयू हुआ। तीस साल से यमुना के पानी का इंतजार कर रहे राजस्थान के चुरू, सीकर, झुंझुनूं सहित अन्य जिलों को अब 577 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिल सकेगा। वहीं, हरियाणा के भिवानी और हिसार जिलों को भी पानी मिलेगा।

**सबसे** पहले पानी चूरू जिले के हांसियावास गांव में आएगा। यहां बड़ा बांध बनाया जाएगा। इसके बाद पानी चूरू, सीकर, झुंझुनूं व नीमकाथाना जिले को दिया जाएगा।
**- यश वर्धन सिंह शेखावत,** संयोजक, यमुना जल संघर्ष समिति

# इस बार एफसीआई भी खरीदेगी गेहूं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**दौसा।** जिले में इस बार सहकारी समिति के अलावा सीधे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गेहूं की खरीद करेगी। एफसीआई ने जिले में तीन केन्द्र दौसा, महुवा और बांदीकुई कृषि उपज मंडियों में बनाए गए हैं। वहीं राजफैड की ओर से लालसोट, राहुवास, लवाण व सिकराय में खरीद की जाएगी। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए के अलावा राजस्थान सरकार की ओर से घोषित 125 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस सहित कुल 2400 रुपए का भुगतान प्रति क्विंटल मिलेगा। गेहूं बेचने पर किसानों के जनाधार लिंक बैंक खातों में 48 घंटों में सीधे भुगतान की गारंटी भी एफसीआई किसानों को दे रही है। ऐसे में उम्मीद है कि इस बार किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने में रुचि दिखाएंगे। जिले में भारतीय खाद्य निगम व राजफैड ने गेहूं खरीद की तैयारियां शुरू कर दी है। खरीद की अवधि 10 मार्च से 30 जून तक रहेगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया चालू है। फिलहाल जिले में इस बार अब तक मौसम तंत्र सही होने के कारण गेहूं की फसल अच्छी होने की उम्मीद है।

### मंडी में आवक शुरू

**कृषि** उपज मंडी में भी गेहूं की आवक शुरू हो गई है। वर्तमान में 2200-2300 रुपए प्रति क्विंटल भाव है। मार्च माह से आवक तेज होने की उम्मीद है।

नवम् वर्षगांठ वार्षिकोत्सव महोत्सव

# हर्षोल्लास से की श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अंबाजी।** रोहिडा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर रोहिड़ा के प्राण प्रतिष्ठा की नवमी वर्षगांठ वार्षिकोत्सव समारोह देववंशीय मालवी लोहार समाज चार परगना द्वारा आयोजन किया गया। नवम् वर्षगांठ वार्षिकोत्सव महोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। यह महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

श्री श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर रोहिड़ा के प्राण प्रतिष्ठा नवमी वार्षिकोत्सव महोत्सव संपन्न हुआ। बीते दिनों आयोजित कार्यक्रम में प्रथम दिन रविवार को रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों की प्रस्तुति दी गई। दूसरी दिन हवन शोभायात्रा निकाली गई ध्वजारोहण किया गया। गौ भक्त संत श्री माधव गोपालजी महाराज ने बहोत ही सुंदर प्रवचन दिया गया। प्रवचन पूर्ण होने के बाद भामाशाह सम्मान समारोह के दौरान माला, पगड़ी,ओर शालें प्रदान कर भामाशाहो का सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह के बाद श्री लक्ष्मीनारायणजी भगवान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष गोविंद राम धरमाजी अजारी वालो ने चारों परगनो के सम्मानित समस्त समाज बंधुओं, भामाशाहों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय रोहिड़ा गांव वासियों का आभार व्यक्त किया। देववंशीय मालवी लोहार समाज चार परगना के समाज बधुंओंने महाप्रसादी ग्रहण की। श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर रोहिड़ा के प्राण प्रतिष्ठा नवमी वार्षिकोत्सव महोत्सव पर देववंशीय मालवी लोहार समाज चार परगना (रोई, भीतरोट, कोरीयारा, जुड़ा विकरणी के समाज के लोंग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बियानी कॉलेज में 3 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम

# सकारात्मक सोच से होता है व्यक्ति का विकास-डॉ. बियानी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी नर्सिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए 3 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम "ऊर्जा के दुसरे दिन का आगाज नए अंदाज के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सतीश हांडा, संस्था के निदेशक व प्रसिद्ध मोटिवेशनल गुरू डॉ. संजय बियानी, असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ राधिका बियानी, प्लेसमेंट हेड स्मृति तिवारी और वाइस प्रिंसिपल जीशु जार्ज ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक व प्रसिद्ध मोटिवेशनल गुरू डॉ. संजय बियानी ने सकारात्मक सोच की जीवन में महत्ता बताते हुए कहा कि सकारात्मक सोच के माध्यम से व्यक्ति का विकास होता है और वह बिना किसी चिंता के अपने लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से कर पाता है साथ ही विद्यार्थियों को भगवत गीता को नये नजरिये व नये परिप्रेक्ष्य के अनुसार समझाया और कहा कि मन का स्थिर होना भविष्य में आपको नई उपलब्धियों को हासिल करने में मदद करता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सतीश हांडा ने इफेक्टिव कम्युनिकेशन के बारे में बताते हुए कहा कि प्रभावी संचार किसी भी क्षेत्र में कामयाबी का रास्ता बनाता है अगर आप अपनी बात बड़े प्रभावी ढंग से कहने में निपुण हैं तो आप हर किसी को न सिर्फ प्रभावित कर पाते हैं बल्कि लाखों लोगों के बीच अपनी छवि का निर्माण भी कर लेते हैं। मौके पर असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ राधिका बियानी ने स्ट्रीट स्मार्ट एंड नॉट बुक्स स्मार्ट विषय के बारे में समझाते हुए सभी विद्यार्थियों को कहा कि हमें बुक्स स्मार्ट नहीं बल्कि स्ट्रीट स्मार्ट बनना चाहिए। इसके लिए हमें अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर नई नई चीजों को सीखने के लगातार प्रयास करने चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि अपने प्रेजेंट पर फोकस करे पास्ट से सीखे और फ्यूचर को बेटर बनाये। वहीं प्लेसमेंट हेड स्मृति तिवारी ने एक अच्छा इन्फ्लुएंसर कैसे बने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक सक्सेसफुल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनने के लिए सबसे जरूरी है- ज्यादा से ज्यादा लोगो का ध्यान आकर्षित करना। साथ ही उन्होंने सेल्फ लव करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर डॉ. विधि शर्मा ने नर्सिंग के करिकुलम के बारे में जानकारी दी।

कांग्रेस के भविष्य पर गजेंद्र सिंह शेखावत का तीखा हमला

# 'कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार और अलगाववाद की जननी है'

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस से देशभर के नेताओं के जाने का सिलसिला लगातार जारी है जहां कई राज्यों से नेता पार्टी छोड़कर बीजेपी में जा रहे हैं। वहीं राजस्थान में इसकी शुरूआत कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने सोमवार से की जहां सोमवार को उन्होंने जयपुर में बीजेपी ऑफिस में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली। मालवीया के जाने से बीजेपी और कांग्रेस दोनों दलों से नेताओं की प्रतिक्रिया कल से सामने आ रही है।

वहीं केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस में मची भगदड़ को लेकर तीखा हमला किया है। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस ने देश में भ्रष्टाचार और



अलगाववाद को जन्म दिया है और हमेशा देश को बांटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कर्मों के कारण ही आज कांग्रेस को जनता ने समेटने का काम किया है।

### 'कांग्रेस में मची है भगदड़'

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि आज ऐसे हालात हैं कि कांग्रेस में भगदड़ मच गई है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस में कैसा भविष्य है? ये कोई छुपी बात नहीं है और ये बात पूरा देश जानता है जिसके कारण आज कांग्रेस के नेताओं के बीच अपने भविष्य को लेकर भगदड़ मची है और सब लोग पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की हकीकत जान चुकी है और अब जनता ने सिरे से कांग्रेस को अस्वीकार कर दिया है।

### कई नेताओं के बीजेपी में जाने की अटकलें

गौरतलब है कि राजस्थान में बीजेपी में जाने वाला महेंद्रजीत सिंह मालवीय सिर्फ अकेला नाम नहीं है इसके अलावा भी कई नामों के बीजेपी में जाने की अटकलें चल रही है। कांग्रेस छोड़ने वालों में कई पूर्व कैबिनेट मंत्री और सीनियर नेता शामिल है। सूत्रों का कहना है कि पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, रिछपाल मिर्धा, उदय लाल आंजना समेत कई नेता बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।

# जिला कलेक्टर ने दुर्ग निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं को लेकर जताई नाराजगी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने मंगलवार को दुर्ग के निरीक्षण के दौरान पार्किंग, लपकागिरी व पेयजल की व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए इन्हे शीघ्र समाधान के लिये निर्देशित किया। उन्होंने विजय स्तंभ, सूरजपोल, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कार्यालय, पार्किंग स्थल आदि का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को किले पर पार्किंग व्यवस्था सुधारने, पर्यटकों के लिए फैसिलिटेशन सेंटर विकसित करने, गाइडों के नाम और शुल्क की सूची लगाने, पार्किंग मैप लगाने, गैर लाइसेंसधारी गाइडो पर कार्यवाही करने सहित किले पर आने वाले पर्यटकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने गाइडों और पर्यटकों से किले पर उपलब्ध सुविधाओं और उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की। जिला कलेक्टर ने गाइड्स को यूनिफॉर्म पहनने, अपना आईडी कार्ड लगाने को कहा। जिला कलेक्टर ने किले के एंट्री पॉइंट पर बैठक, जलपान व्यवस्था, हेल्प डेस्क लगाते हुए टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टिकट खिड़की पर जाकर बुकिंग व्यवस्था देखी।

# दौसा एसपी वंदिता राणा के ट्रांसफर पर शाही विदाई

घोड़ी पर बैठाकर निकाला जुलूस, बैंड पर थिरके पुलिसवाले



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में हाल में IPS अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट जारी हुई जिसमें दौसा एसपी वंदिता राणा का नाम भी शामिल है जहां दौसा में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी संभाल रहीं वंदिता अब सिरोही पुलिस अधीक्षक बन गई हैं। दौसा को पहली बार महिला एसपी मिली थी जिसके बाद मंगलवार को वंदिता की विदाई पर शहर में किसी शादी जैसा माहौल देखा गया जहां वंदिता के सिर पर साफा, बैंड बाजे बजाते हुए उन्हें घोड़ी पर बैठाकर जुलूस निकाला गया। इस दौरान सैकड़ों पुलिसकर्मी बैंड बजाते और नाचते-झूमते नजर आए. वहीं आईपीएस वंदिता राणा को घोड़ी पर बिठाकर दौसा शहर में स्वागत सत्कार के साथ विदा किया गया। शहर वालों का ये प्रेम भाव और सम्मान देखकर आईपीएस वंदिता राणा भी भाव विभोर हो गई।

बता दें कि राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान वंदिता दौसा पुलिस में अधीक्षक थी और उनके कार्यकाल में चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। वहीं इसके बाद जिले में अपराधियों के खिलाफ उनका जीरो टॉलरेंस अभियान और साथी पुलिसकर्मियों के साथ मित्रवत व्यवहार के चलते वंदिता राणा के जाने पर शहर वालों ने उमड़कर उन्हें विदाई दी।

परिवहन विभाग और रोडवेज की समीक्षा बैठक

# रोडवेज में चलेगा स्वच्छता अभियान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने रोडवेज में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिये नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि इससे यात्रियों को बेहतर परिवहन सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की बेहतर सर्विस डिलीवरी की मंशा के तहत यात्रियों की शिकायतों के लिये ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली विकसित कर इनके त्वरित समाधान किया जाए। गुहा मंगलवार को शासन सचिवालय में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग और रोडवेज के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने कहा कि निगम के जोनल प्रबंधक



आगार, वर्कशॉप तथा बस स्टैण्ड्स का नियमित निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था, कार्मिकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस अभियान की हर तिमाही में समीक्षा की जाएगी। उन्होंने निगम से संबंधित शिकायतों के लम्बित प्रकरणों का अविलम्ब निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही, निगम की कंडम बसों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उनकी समयबद्ध नीलामी के भी निर्देश दिये।

# मालवीय ने थामा बीजेपी का दामन, कहा-कांग्रेस में आदिवासियों को नहीं मिला सम्मान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। काफी अटकलों के बाद चार बार के विधायक और अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में मंत्री रहे आदिवासी नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

### महेंद्रजीत मालवीय ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा में शामिल होने के बाद महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से मुझे एक दिन पहले दिल्ली ले जाया गया था। दिल्ली जाकर हमने अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद मैंने बीजेपी में शामिल होने का फैसला किया। मालवीय ने अपने भाषण में कहा कि अपने जीवन की शुरुआत विद्यार्थी परिषद से की थी। 50 किलोमीटर पैदल चलकर विद्यार्थी परिषद को ज्वाइन करने पहुंचा था। विद्यार्थी परिषद से मिले संस्कारों की वजह से राजनीति में इतना लंबा सफर आगे तक तय किया है।



### कांग्रेस से क्यों हुआ मालवीय का मोह भंग?

**गौरतलब** है कि हाल में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था जहां कांग्रेस 70 सीटों पर सिमट गई थी। इसके बाद मालवीय के नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की चर्चा चल रही थी लेकिन आखिरकार टीकाराम जूली का नाम फाइनल हुआ। इसके बाद जानकारी मिली कि मालवीय आदिवासी अंचल से किसी नेता को भी राज्यसभा नहीं भेजे जाने निराश थे। वहीं इसके बाद उनके मन में मलाल था कि कांग्रेस आलाकमान से उनको मिलने का समय नहीं मिला हालांकि वो सीडब्ल्यूसी सदस्य की हैसियत से मिलना चाहते थे। बता दें कि मालवीय ने कई दिनों से दिल्ली में डेरा डाल रखा था जहां केसी वेणुगोपाल ने उनको मिलने का समय दिया लेकिन बमुश्किल दो-तीन मिनट तक ही मुलाकात हुई। इधर मालवीय लगातार कुछ दिनों से बीजेपी के थिंक टैंक के संपर्क में थे।

### मानगढ़ धाम पर दी कुर्बानियां व्यर्थ नहीं जाएगी

मालवीय ने आगे कहा कि जब अंग्रेजों द्वारा साल 1913 में मानगढ़ धाम पर गोलियां चलाई गई थी, तब से आज तक मानगढ़ धाम के लोग सिर्फ इंतजार कर रहे थे कि कुछ होगा। परंतु जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मानगढ़ धाम पहुंचे तो उन्होंने मानगढ़ धाम के लोगों को यह विश्वास दिलाया और उनमें एक आशा की किरण जागी कि अब मानगढ़ धाम का पूरे देश में नाम होगा और मानगढ़ धाम पर दी हुई कुर्बानियां अब व्यर्थ नहीं जाएगी।

### कांग्रेस से उठा विश्वास

मालवीय ने आगे कहा कि 22 जनवरी को कांग्रेस पार्टी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में न जाकर सनातन धर्म के साथ-साथ सनातन को मानने वालों का दिल तोड़ दिया। मेरा भी कांग्रेस पार्टी से विश्वास उसी दिन उठ गया, जिस दिन उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इनकार किया।

### मानगढ़ धाम : बनेगा राष्ट्रीय स्मारक

**मालवीय** ने कहा कि यह सिर्फ नरेंद्र मोदी की सोच है कि वह मानगढ़ धाम पहुंचे और आदिवासियों को सम्मान दिया। मालवीय ने कहा, अब मुझे पूरा यकीन है मानगढ़ धाम को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा जरूर मिलेगा। मालवीय ने आगे कहा कि सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश में विकास की गंगा बहा रहे हैं और प्रधानमंत्री ही देश में आदिवासी और पिछड़ों का भला कर सकते हैं। इसलिए मैंनें कांग्रेस पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया।

### आदिवासी बेल्ट का बड़ा चेहरा हैं मालवीय

**बता** दें कि महेंद्रजीत सिंह मालवीय कांग्रेस का बड़ा आदिवासी चेहरा माना जाता है जिनके पास लंबा राजनीतिक अनुभव है और आदिवासी बेल्ट में वह सरपंच से लेकर, प्रधान, विधायक और सांसद का चुनाव लड़े हैं। वहीं मालवीय दक्षिणी राजस्थान खास तौर पर बांसवाड़ा-डूंगरपुर में जनता के बीच काफी फेमस है। दरअसल मालवीय कांग्रेस से करीब 35 साल से अधिक समय से जुड़े रहे थे। जहां उनका सफर कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI से शुरू हुआ था जिसके बाद वह युवा कांग्रेस के सदस्य भी रहे। इससे पहले मालवीय गहलोत की दो सरकारों में मंत्री रहे हैं और बीते दिनों ही कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें कांग्रेस वर्किंग कमेटी का मेंबर बनाया था।

---

**पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र का तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 23 से**

# शिल्पग्राम में 'ऋतु बसंत' की छाएगी बहार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** उदयपुर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से शिल्पग्राम में नई सांस्कृतिक पेशकश के रूप में "ऋतु बसंत उत्सव" का आगाज 23 फरवरी से होगा। इस 3 दिवसीय शास्त्रीय संगीत व गायन के क्षेत्र के नामचीन आर्टिस्ट अपनी आला प्रस्तुतियां देंगे। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि पहले दिन शास्त्रीय गायिका रोंकिनी गुप्ता विलंबित ख्याल और द्रुत ख्याल से श्रोताओं के हृदय को छूएंगी। वहीं, प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और कमलादेवी संगीत महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ.आरती सिंह अपने ग्रुप के साथ कथक की श्रेष्ठ भाव-भंगिमा पूर्ण पेशकश से कथक की बारीकियों को उकेरेंगी। दूसरे दिन 24 फरवरी को पंडित राजकुमार मजूमदार, उस्ताद असगर हुसैन व उस्ताद अख्तर हसन वायलिन-संतूर की उम्दा जुगलबंदी से श्रोताओं के हृदय को झंकृत करेंगे। तो, सौरभ वशिष्ठ शास्त्रीय गायन से शाम में क्लासिकल रंग भरेंगे। उत्सव के अंतिम दिन 25 फरवरी को पंडित मोरमुकुट केडिया व पंडित मनोज केडिया की सरोद-सितार की बेहतरीन जुगलबंदी पेश करेंगे। वहीं, देश के जाने-माने कोरियोग्राफर और शास्त्रीय नृत्य की कई कालजयी प्रस्तुतियां दे चुके संतोष नायर अपने ग्रुप के साथ शास्त्रीय नृत्य स्तुति से उत्सव को पूर्णता देंगे। आमजन के लिए इसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा।

### कार्यक्रम की खूबी उम्दा क्यूरेशन

**इस** कार्यक्रम की सबसे बड़ी खूबी इसका क्यूरेशन है। मसलन, पहले दिन क्लासिकल गायन के साथ कथक, दूसरे दिन गायन के बाद तीन बड़े संगीतज्ञों के वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी और तीसरे दिन दो प्रसिद्ध संगीतज्ञों का सरोद-सितार का इंस्ट्रूमेंटल डुएट... और फिर वर्ल्ड क्लास नृत्य स्तुति अपने आपमें बेमिसाल क्यूरेशन की प्रतीक है। इंस्ट्रूमेंटल डुएट... और फिर वर्ल्ड क्लास नृत्य स्तुति अपने आपमें बेमिसाल क्यूरेशन की प्रतीक है।

---

**आयोजना विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा व निदेशक जनगणना ने ली बैठक**

# जन्म मृत्यु पंजीयन कार्य को प्राथमिकता व पारदर्शिता से संपादित करें-देथा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** जन्म मृत्यु पंजीयन अधिनियम व नागरिक पंजीयन प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव भवानी सिंह देथा और निदेशक जनगणना एवं नागरिक पंजीयन बिष्णुचरण मल्लिक के आतिथ्य एवं जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल की उपस्थिति में हुई।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव देथा ने कहा कि जन्म मृत्यु पंजीयन बहुत महत्वपूर्ण कार्य है, लेकिन अमूमन इस कार्य को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जबकि यह पंजीयन बहुत जरूरी है। इसके आधार पर ही नागरिक पंजीयन प्रणाली सुदृढ हो सकती है। भविष्य की कई योजनाएं इसी पर निर्भर हैं। इसलिए सभी जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रार को चाहिए कि वे इस कार्य को पूर्ण प्राथमिकता और पारदर्शिता के साथ करें, ताकि सही तथ्य सामने आ सके। निदेशक जनगणना बिष्णुचरण मल्लिक ने जन्म मृत्यु पंजीयन अधिनियम की जानकारी दी। साथ ही मिथ्या तथ्यों के आधार पर पंजीयन और गलत प्रमाण पत्र जारी होने पर जारी कर्ता और मिथ्या तथ्य देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने अस्पतालों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम विकास अधिकारी स्तर पर होने वाले पंजीयन को और अधिक सुदृढ़ करने, दोहरे पंजीयन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी इस बिन्दु को शामिल किए जाने के निर्देश दिए। इसके लिए पंजीयन के फॉर्म प्रॉपर भरे जाने की हिदायत दी। देथा और मल्लिक ने नगर निकाय, ग्राम पंचायत, अस्पताल आदि पंजीयन इकाइयों से फीडबैक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर पोसवाल ने पंजीयन से जुड़े की-पर्सनस् का प्रशिक्षण कराने का सुझाव दिया, जिस पर दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने यथाशीघ्र प्रशिक्षण आयोजित किए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पुनीत मल्होत्रा ने पीपीटी के माध्यम से अधिनियम के महत्वपूर्ण बिन्दुओं तथा उदयपुर जिले में गत तीन वर्ष के जन्म-मृत्यु पंजीयन की स्थिति का प्रजेंटेशन दिया। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, सीईओ जिला परिषद कीर्ति राठौड़, नोडल अधिकारी व उपनिदेशक सांख्यिकी बीएल आमेटा, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी शीतल अग्रवाल, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक डॉ मजहर हुसैन, उपनिदेशक सांख्यिकी (संयुक्त निदेशक चिकित्सा) फूलसिंह, सीडीपीओ निधिरानी जोशी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन, एमबी हॉस्पीटल से जगदीश अहीर आदि उपस्थित रहे।

---

## इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के घोषित रेगुलेशन का विरोध

**22 को घड़साना मे बैठक**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**श्रीविजयनगर।** इंदिरा गांधी नहर परियोजना के प्रथम चरण के घोषित रेगुलेशन की अखिल भारतीय किसान सभा ने निंदा करते हुए इसे किसान विरोधी करार दिया है आज संगठन नेताओं ने बैठक कर आरोप लगाया कि एक बारी पानी के लिए किसानों की पक्की पकाई गेहूं की फसल को बर्बाद किया जा रहा है। जिसे किसान किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे इस रेगुलेशन के विरोध में 22 फरवरी को घड़साना के अंदर बैठक आयोजित कर आंदोलन की आगामी रुपरेखा बनाएंगे। बैठक में किसान नेता कॉमरेड श्योपत राम, डायरेक्टर पृथ्वीराज बुडानियाँ, पार्षद भवानी पंवार, गुरभेज सिंह, रणवीर गोदारा, गुरमुख चुघ, रतन खाबरा, बनवारी ओड, राजेंद्र बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

---

# जयपुर के डॉ. सत्यनारायण यूथ वर्ल्ड डायमंड अचीवर्स अवार्ड-2024 से सम्मानित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर डॉ. सत्यनारायण चौधरी को यूथ वर्ल्ड सोशल न्यूज़ मंच के द्वारा यूथ वर्ल्ड डायमंड अचीवर्स अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान यूथ वर्ल्ड संरक्षक डॉ. एम. पी. सिंह जी एवं निदेशक डॉ. मधुमाया सिंह जी एवं चेयरमैन डॉ. भैरुसिंह राजपुरोहित जी, राजेंद्र कपूर जी एवं मुख्य अतिथि समाजसेवी पुखराज सिंह राजपुरोहित मोहराई द्वारा दिया गया।

डॉ. चौधरी को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था। मूलतः राजस्थान के भरतपुर जिले के कलसाड़ा गाँव निवासी डॉ. सत्यनारायण चौधरी साहित्यकार होने के साथ ही जयपुर के कोटखवादा में राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हैं। यह 12 वर्षों से हिंदी को अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। इन्हें यह सम्मान साहित्यिक योगदान एवं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु 17 फरवरी को दिल्ली के पंडित दीनदयालु मार्ग स्थित डॉ. राजेंद्र भवन में आयोजित सम्मान समारोह में दिया गया। इस समारोह में देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को उनकी सेवाओं के लिए दिया गया। समाज सेवा, साहित्य, शिक्षा कला इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा देने वाले विशिष्टजनों को यूथ वर्ल्ड डायमंड अचीवर्स अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। हिंदी साहित्य की सेवा एवं शिक्षा क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए इन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इन्हें अब तक महात्मा गाँधी राजभाषा प्रचार संस्था वर्धा द्वारा दिए गए अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी सेवी सम्मान पुरस्कारों की श्रेणी में 'राष्ट्रीय हिंदी सेवक' पुरस्कार, प्रतिष्ठित पत्रिका अक्षरवार्ता द्वारा 'राष्ट्रीय पुरस्कार', ब्रजलोक साहित्य-कला-संस्कृति अकादमी द्वारा 'कलम गौरव पुरस्कार', यूथ वर्ल्ड सोशल मंच द्वारा 'भारतीय गौरव पुरस्कार' एवं 'इंडियन आइकॉन अवॉर्ड' गिना देवी शोध संस्थान व विलक्षणा एक पहल समिति द्वारा 'इंडियन एक्सेलेंसी अवॉर्ड', हिन्ददेश परिवार द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ रचनाकार' व 'सर्वश्रेष्ठ टिप्पणीकार' अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य मंच, दिल्ली द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ रचनाकार' एवं भानु प्रतिष्ठान काठमांडू, नेपाल व साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा 'भानु नव प्रतिभा सम्मान' आदि पुरस्कार मिल चुके हैं।

---

# 8 नई रेलवे लाइनें बिछेंगी तो 7 लाइनों का होगा दोहरीकरण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रेलवे यात्रियों को बहुत जल्द राहत मिलने वाली है क्योंकि अब रेलवे की सवारी और भी सुगम हो जाएगी। लोकसभा बजट पेशी के दौरान बड़े एलान हुए हैं। राजस्थान में 8 नई रेलवे लाइनें बिछेंगी तो वहीं 7 लाइनों का दोहरीकरण भी होगा। ऐसे में राजस्थान में यात्रियों की रेलवे यात्रा और भी सुगम होने की उम्मीद है। बता दें आपको कि हाल में ही लोकसभा में बजट प्रस्तुत किया गया है जिसमें उत्तर-पश्चिमी रेलवे को रेलवे परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने के लिए 9714.28 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। लोकसभा बजट में 8 नई रेलवे लाइनों के निर्माण और 7 लाइनों के दोहरीकरण का फैसला लिया गया है।

### ये 8 नई रेलवे लाइनें बिछेंगी

- दौसा - गंगापुरसिटी, लंबाई 92.67 किमी, बजट 300 करोड़ रुपए।
- रतलाम- डूंगरपुर, लंबाई 176.47 किमी, बजट 150 करोड़ रुपए
- अजमेर - कोटा, लंबाई 145 किमी, बजट 50 करोड़ रुपए
- पुष्कर - मेड़ता, लंबाई 59 किमी, 50 करोड़
- अजमेर - नसीराबाद, लंबाई 145 किमी, 100 करोड़ रुपए
- तारंगाहिल - आबूरोड, लंबाई 89.39 किमी, 300 करोड़ रुपए
- नीमच - बड़ी सादड़ी, लंबाई 48.30 किमी, 100 करोड़ रुपए
- ठठाना- मीठडी, लंबाई 25 किमी, 120 करोड़ रुपए

### 7 रेलवे लाइनों का होना है दोहरीकरण

- फुलेरा डेगाना, लंबाई 108.75 किमी, 240 करोड़ रुपए
- डेगाना- राई का बाग, लंबाई 145 किमी, 22 करोड़ रुपए
- जयपुर सवाई माधोपुर, लंबाई 131.27 किमी, 100 करोड़ रुपए
- अजमेर - चित्तौड़गढ़, लंबाई 186 किमी, 105 करोड़ रुपए
- सवाई माधोपुर बायपास, लंबाई 6.98 किमी, 160 करोड़ रुपए
- चूरू रतनगढ़, लंबाई 42.81 किमी, 200 करोड़ रुपए
- मनहेरू बवानी खेड़ा, लंबाई 31.50 किमी, 40 करोड़ रुपए
- काठूवास - नारनौल, लंबाई 24.12 किमी, 50 करोड़ रुपए

### ऐसे होगा आपको फायदा

- इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के अंतर्गत रेलवे ट्रैक का नवीनीकरण, और साथ ही आरओबी और आरयूबी, सिग्नल, दूरसंचार, ब्रिज निर्माण और यात्री सुविधाओं पर काम किया जाएगा।
- इतना ही नहीं, यात्री सुविधाओं के मद पर इस वर्ष 750 करोड़ रुपए खर्च कि जाएंगे। इन सुविधाओं का सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा।

---

# नई तकनीक किसानों तक पहुचांए-डॉ. कर्नाटक

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**चित्तौड़गढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि उदयपुर के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने केन्द्र के अधिकारियो को कृषको के हित और अधिक क्षमता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. कर्नाटक ने देश के विकास में अहम योगदान रखने वाले पांच स्तम्भो के बारे में जोर देते हुए कहा कि कृषि का इन पांच स्तम्भो में महत्वपूर्ण योगदान है। कृषक उत्पादक संगठनो का गठन केन्द्र की सबसे बड़ी उपलब्धि है। डॉ. जे.पी. मिश्रा ने कृषि विज्ञान केन्द्र की 32 वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुये कहा कि प्रशिक्षणो की संख्या की पूर्ति करने की बजाय उनकी गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए तथा कार्य समस्त ब्यौरा व्यवस्थित ढंग से रखा जावें साथ ही उन्होने कहा कि सभी सरकारी योजनाओ की जानकारी बुकलेट इत्यादि द्वारा प्रसारित किया जावे। डॉ. आर.ए. कौशिक ने कृषि विज्ञान केन्द्र पर फसल म्युजियम पर जोर दिया तथा उन्होने किसानो को जैव सर्वधित फसले लगाने के लिए कहा। सर्वप्रथम केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. रतन लाल सोलंकी ने प्रगति प्रतिवेदन एवं पिछले वर्ष बैठक में दिये गये सुझावों का अनुकरण प्रस्तुत किया। डॉ. धृति सोलंकी, डॉ. एस.एस. मीणा, राजाराम सुखवाल, उपनिदेशक, सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र, ओ.पी. शर्मा, महेन्द्र डूडी, डॉ. जयदीप भार्गव, महमूद गौरी, डॉ. अंकलेश कटारा, सीताराम महावर, चैन सिंह जाड़ावत, नंद लाल धाकड़, मोहन लाल खटीक, राजेन्द्र कीर, नानू सिंह मीणा, सीमा वैष्णव ने भी अपने अपने विचार व सुझाव दिये।

---

### बालिकाएं ले रही आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजनान्तर्गत आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन जिले के चार विद्यालयों में किया जा रहा है। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग राकेश कुमार तंवर ने बताया कि राउमावि सावा में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बस्सी, रोलाहेडा एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पाण्डोली में सोमवार से प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में पुलिस विभाग के महिला प्रशिक्षकों द्वारा विद्यालय की सभी बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** गैल के सौजन्य एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली, महावीर इंटरनेशनल हेल्थ केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में एक निःशुल्क वृहद नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 21 फरवरी को एम पी बिरला उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम नगरी में प्रातः 10 से 2 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। संस्था इसी ग्राम के शहीद राधेश्याम गुर्जर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। शिविर के माध्यम से आंखों से संबंधित विभिन्न तरह की बीमारियों का निदान किया जाएगा। निशुल्क दवाएं एवं पास की नजर के चश्मे भी वितरित किये जाएंगे। रोगियों की सामान्य चिकित्सा, बीपी, शुगर, सी.बी.सी. की जांच भी की जाएगी। शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद के चयनित रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय जिला अंन्धता निवारण समिति के सहयोग से किये जाएगे।

---

**ANCHOR** | **श्रीमद् भगवत कथा ज्ञानयज्ञ**

# महारास, वेणुगीत एवं गोपी उद्धव संवाद प्रेमा भक्ति के प्रतीक-पं नागदा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** ठाकुर श्री कल्लाजी के कृपा पात्र गौनन्दन पंडित विकास नागदा ने कहा कि श्री मद् भागवत महापुराण में वर्णित महारास, वेणुगीत और गोपी उद्धव संवाद हर दृष्टि से प्रेमा भक्ति के प्रतीक है। जिनसे हमें प्रेरणा लेकर अपने आराध्य के प्रति पूरे समर्पण भाव से प्रेमा भक्ति करनी चाहिए। पं नागदा सोमवार को श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान द्वारा वेदपीठ परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के षष्ठम दिवस व्यासपीठ से संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने महारास का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा की धवल चांदनी में जब बृज में महारास का आयोजन किया गया तो कान्हा की बांसूरी सुनकर बृज की समस्त गोपीयां सुध-बुध खोती हुई महारास में पहुंच गई, तब भगवान कृष्ण ने कहा कि वे भी गोपियों के अन्यय प्रेम भाव को महत्व देते है। इसी दौरान गोपियों ने श्रीकृष्ण से अधरामृत प्रदान करने का अनुनय आग्रह किया। जिसे



स्वीकारने पर वेणुवादन के साथ महारास का भव्य आयोजन हुआ। इससे पूर्व पंडित नागदा ने कंस वध की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि मथुरा में कंस के बढ़ते पाप को समाप्त करने के लिए मल्लयुद्ध में उन्हें पराजित कर अपने धाम को पहुंचा दिया। वहीं भगवान कृष्ण मथुरा में विराजित हो गए तब अपने सखा उद्धव से कहा कि उन्हें बृज की बहुत याद आ रही हैं। इसलिए वे बृज जाकर गोपियों को मेरे प्रेम का संदेश दे, तब उद्धव ने श्रीकृष्ण का ऊपरणा ओढ़कर वे बृज पहुंचे तो समस्त ग्वालबाल रथ को देखकर अपने कान्हा को आया समझ बैठे, लेकिन वहां तो कान्हा नहीं उद्धव पहुंचे थे। जब उद्धव मय्या यशोदा और नन्द बाबा के पास पहुंचे तो उनकी दशा भी कान्हा के विरह में देख कर वे भी चकित हो गए। तत्पश्चात वे गोपियों से मिलने पहुंचे तो लाख समझाने के बावजूद गोपियों ने उनसे कहा उद्धव मन नाही दसबीस एक हो तो जो गयो श्याम संग यह कहकर उद्धव को निरूत्तर कर दिया। इस प्रसंग ने श्रीकृष्ण एवं गोपियों के प्रेम भक्ति भाव को प्रकट कर दिया।

छह माह बृज में रहने के बाद जब उद्धव मथुरा गए तो उन्होंने ने भी श्री कृष्ण को उलाहना देते हुए कहा कि बृज में तुम्हें इतना प्रेम करने वाले है, तो वहां क्यों नहीं चले जाते तब श्रीकृष्ण ने कहा कि यह असंभव है, लेकिन गोपियों के आनंद प्रेम को स्वीकार करते हुए उन्होंने उसी रूप में उन्हें दर्शन भी दिए। जब कृष्ण मथुरा छोड़कर द्वारिका जाने लगे तो वहां युद्ध को छोड़ने के कारण वे रणछौड़ कहलाएं। पंडित नागदा ने रूकमणी मंगल की कथा का विस्तार करते हुए कहा कि रूकमणी द्वारा प्रेम निवेदन करने के बाद भगवान कृष्ण ने उनका अपहरण कर प्रेम विवाह किया। इसके साथ ही रूकमणी उनकी प्रथम पटरानी बन गई।

कृष्ण रूकमणी विवाह के प्रसंग के दौरान पंडित नागदा एवं पंडित प्रहलाद कृष्ण एवं साथियों द्वारा जब कथा मंडप में आए सजीव रूकमणी कृष्ण की झांकी के साथ बन्नो मारो चारभुजा को नाथ, बन्नी मारी तुलसा लाड़ ली की तर्ज पर भजन की प्रस्तुति दी तो कथा मंडप में मौजूद श्रद्धालु नर नारी नृत्य करने लगे। कथा विश्राम से पूर्व मौजूद श्रोताओं ने स्वेच्छानुसार कृष्ण रूकमणी को उपहार न्यौछावर कर स्वयं को धन्य किया। वहीं कृष्ण रूकमणी विवाह का चरित्र वर्णन एवं सजीव प्रदर्शन दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। अंत में वेदपीठ के पदाधिकारियों एवं भक्तों ने श्रीमद भागवत महापुराण की महा आरती की।

## जागरूक खबरें

### ■ विभिन्न जन समस्याओं के निस्तारण हेतू सीएम को दिया ज्ञापन

**पाली @ जागरूक जनता।** जिले के दौरे पर आए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को डिस्ट्रिक क्लब में दुर्गा शंकर शर्मा, धन्नाराम लोहार ने मिल कर रोहट तहसील की रामपुरा की ढाणी को नया राजस्व ग्राम बनाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान गाड़िया लोहार समाज के प्रदेश मिडिया प्रभारी धन्नाराम गाड़िया लोहार ने प्रदेश की पिछड़ी जातियों में शामिल गाड़िया लोहार समाज के भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि आवंटित करने व प्रदेश में निवास कर रही पिछड़ी जाति गाड़िया लोहार समाज की मूलभूत जनसमस्याओं के निस्तारण हेतू निवेदन किया।

### ■ भारत को आत्म निर्भर बनाने स्वावलंबी भारत अभियान सराहनीय पहल

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** संगठित और सशक्त भारत के निर्माण हेतु हमें आत्मनिर्भर भारत बनाना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने युवाओं को बेरोजगारी की समस्या से निजात दिलाने की मंशा शुरू किए गए स्वावलंबी भारत अभियान का प्रचार-प्रसार और विस्तार करने का फैसला किया है। इसकी जिम्मेदारी स्वदेशी जागरण मंच को सौंपी गई है, जिसे संघ का आर्थिक विभाग कहा जाता है। भारतीय मजदूर संघ राजस्थान के स्वावलंबी भारत अभियान के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अरविंद व्यास ने बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना जिम्मेदार भारत के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस कार्य में आमजन को जोड़ना अत्यावश्यक है। इस हेतु आमजन को जोड़ने व जागरूक करने के अभियान चलाए जाने चाहिए, जिसमे कर्मचारियों के तमाम संगठनों द्वारा हर स्तर पर इसका प्रचार प्रसार कर जागरूक किया जाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। कर्मचारी वर्ग इस योजना को आमजन तक पंहुचाने एवं उन्हें जागरूक करने में महती भूमिका निभा सकता है। व्यास के भारतीय मजदूर संघ में कार्यसमिति सदस्य पद पर नियुक्ति एवं भारत स्वावलंबी अभियान के राजस्थान के प्रमुख की जिम्मेदारी मिलने पर शिवशंकर व्यास, सीताराम जाट, रतन शर्मा, भैरूलाल गंधर्व, अशोक कुमार कोचिटा, राजेन्द्र कुमार व्यास, रतनलाल सोनी, शकीला नीलगर आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# अब रोडवेज बसों में सुनने को नहीं मिलेंगे गाने, मोबाइल पर भी बैन

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सिरोही।** रोडवेज विभाग ने पिछले दिनों हुई गंभीर व जनहानि दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा मानकों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए है। जिसके तहत अब रोडवेज चालक-परिचालकों की नियमित रूप से बस चलने से पहले नशे की जांच होगी। यदि नशे में पाए गए तो उनको वाहन के साथ ड्यूटी पर नहीं भेजा जाएगा। साथ ही सीट बेल्ट लगाना भी अनिवार्य किया गया है। रोडवेज विभाग के कार्यकारी निदेशक यांत्रिक ने सुरक्षा मानकों को लेकर यह आदेश जारी किए हैं। ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

### बस रवानगी से पहले होगा ब्रेथ ऐनेलाइजर टेस्ट

अब रोडवेज बस चालकों व परिचालकों को बस रवानगी से पहले ब्रेथ ऐनेलाइजर टेस्ट करवाना होगा। यदि जांच में कार्मिक नशे में मिले तो उनको वाहन के साथ नहीं भेजा जाएगा। साथ ही ड्यूटी पर इस तरह के कृत्य करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना भी करना पड़ेगा। इसके अलावा 50 साल से अधिक उम्र के चालकों के लिए साल में दो बार नेत्र व शारीरिक जांच अनिवार्य की गई है।



### चालक को मिले विश्राम, ताकि ऊर्जा के साथ कर सके काम

रोडवेज मुख्यालय ने चालकों को तनाव मुक्त रखने के लिए समय-समय पर उचित विश्राम दिया जाना भी जरूरी माना है। जिससे चालक रेस्ट के बाद पूरी ऊर्जा के साथ काम कर सके। साथ ही मुख्य प्रबंधक व प्रबंधक संचालन स्वयं चालकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। यातायात नियमों की जानकारी भी चालकों को दी जाएगी।

### 47 रूट है सिरोही रोडवेज डिपो में

सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य, फिटनेस भी जरूरी
रोडवेज के अधिकांश चालक वाहन संचालन के दौरान सीट बेल्ट नहीं लगाते है। अब प्रत्येक चालक के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है। उडनदस्ते की जांच के दौरान सीट बेल्ट नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बिना फिटनेस के किसी भी बस का संचालन नहीं करने के भी निर्देश दिए गए है।

### फैक्ट फाइल

» 46 कुल बसें हैं सिरोही रोडवेज डिपो में
» 31 बसें निगम की
» 15 बसें अनुबंधित
» 18 हजार किलोमीटर प्रतिदिन सफर

### वाहन में मोबाइल, टेप-रेडियो भी नहीं चलेगा

राजस्थान में बस संचालन के दौरान किसी भी वाहन के केबिन में चालक -परिचालक मोबाइल पर बात नहीं करेंगे और टेप रिकॉर्डर व रेडियो पर गाने नहीं चलाएंगे। अक्सर देखने में आता है कि कई बसों में चालक तेज आवाज में टेप रिकॉर्डर आदि पर गाने व गीत बजाते है। विशेष रूप से रात्रि में चलने वाली बसों में टेप रेकॉर्डर पर तेज आवाज में गाने बजना आम है। इससे हादसों का खतरा रहता है, साथ ही यात्रियों को भारी परेशानी होती है। अब मुख्यालय ने बसों में चालक पर किसी तरह से टेप रिकॉर्डर पर गाने बजाने पर रोक लगाई है।

### बैठक में मिले थे निर्देश

दुघर्टनाओं पर रोकथाम को लेकर कुछ दिनों पहले जयपुर में बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें सुरक्षा मानकों को लेकर यह दिशा-निर्देश मिले थे। सभी कार्मिकों को इन नियमों की पालना करने के लिए सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। ताकि किसी भी तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।
**यशवंत राज,** मुख्य प्रबंधक, राजस्थान रोडवेज, सिरोही

# लोग रोज खरीद रहे 55 लाख के अंगूर, संतरा, चीकू, पपीता



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** गर्मी आने के साथ ही मंडी में गर्मी के फलों की बहार आने लगी है। इन दिनों फल मंडी में रसीले अंगूर और संतरा की भरपूर आवक हो रही है। आवक अधिक होने से दाम भी सामान्य बने हुए हैं। इसके चलते सामान्य आदमी भी फलों का स्वाद ले पा रहा है। इन फलों के आंकड़ों को देखा जाए तो प्रतिदिन लोग करीब 55 लाख रुपए के अंगूर व संतरा खरीद रहे हैं। फल मंडी में फल विक्रेता जितेंद्र कुमार ने बताया कि जैसे जैसे तापमान बढ़ता हैं, फलों में मिठास भी बढ़ती है। इसलिए इन दिनों फल मीठे आ रहे हैं। अलवर की मंडी में इन दिनों प्रतिदिन एक लाख किलोग्राम अंगूर आ रहा है। जो कि हरे और काले रंग के हैं। इसके साथ ही संतरा की आवक भी होने लगी है। इसकी प्रतिदिन 10 हजार किलोग्राम की आवक हो रही है। मंडी में अंगूर नासिक और शोलापुर से आ रहा है और संतरा नागपुर का आ रहा है।

**किन्नू की विदाई :** एक तरफ जहां अंगूर व संतरा की आवक होने लगी है, लेकिन दूसरी तरफ किन्नू की विदाई होने लगी है। पिछले तीन- चार माह से किन्नू अधिक आ रहा था। जो कि अब खत्म होने पर है। अनार, पपीता और चीकू की आवक भी अधिक होने लगी है। जिससे बिर ी भी खूब है।

**शादियों में नजर आ रहा तरबूज, मंडी में नहीं दिख रहाः** फरवरी माह में होने वाली शादियों में तरबूज मेहमानों को खासा पसंद आ रहा है। मंडी में अभी तरबूज खुल कर नहीं आया है।

# वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह धूमधाम से संपन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** उपखंड के निकटवर्ती के रा.उ.मा.वि. दाता में वार्षिकोत्सव,कक्षा 12 के विद्यार्थियों का आशीर्वाद समारोह एवं पूर्व प्राचार्य रघुनाथ बिश्नोई का विदाई समारोह मोतीराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य,प्राचार्य रामनिवास बिश्नोई की अध्यक्षता एवं सरपंच प्रतिनिधि अमलूराम बिश्नोई,सरनाऊ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई एवं पंचायत समिति सदस्य ईश्वरलाल मांजू के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भामाशाहों,नवचयनित पूर्व विद्यार्थियों एवं विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया,विद्यार्थियों द्वारा दी गयी रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को भव्य एवं शानदार बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य रघुनाथ बिश्नोई ने इस विद्यालय में दी गयी अपनी सेवाओं को याद किया एवं छात्रों को सही लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने की प्रेरणा दी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बिश्नोई ने बताया कि बच्चों को सुयोग्य नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद



शिक्षकों की सबसे अहम भूमिका होती हैं स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य रामनिवास बिश्नोई ने विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों को बताते हुए विद्यालय हित में सहयोग करने वाले भामाशाहों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंडी चैयरमेन मोतीराम चौधरी ने विद्यालय को एक लैपटॉप भेंट करने की घोषणा की गयी,कक्षा 12 के विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह का संचालन जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, इस अवसर पर विदाई लेने वाले विद्यार्थी भावुक होते हुए भी नजर आएं। कार्यक्रम में PEEO मंगलाराम सारण, तेजाराम देवासी, सुखराम, AEN तेजाराम मांजू, राणाराम चौधरी, जयकिशन, भागीरथराम डारा, बलवन्ताराम वरड़ सहित PEEO क्षेत्र के समस्त स्टाफ, ग्रामीणजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लालाराम चौधरी द्वारा किया गया।

पीताम्बरा आश्रम में आध्यात्मिक चेतना संकल्प सभा

# वागड़ के वैभव का संरक्षण-संवर्धन वर्तमान पीढ़ी का दायित्व

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बाँसवाड़ा।** राजस्थान राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य एवं प्रमुख सामाजिक चिन्तक शैलेन्द्र भट्ट ने वागड़ अंचल के परम्परागत एवं बहुआयामी धार्मिक, साँस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वैभव को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए इस विलक्षण थाती को भावी पीढ़ियों तक संवहित करने समर्पित दायित्वों एवं सामूहिक प्रयासों पर बल दिया है और कहा कि यह कार्य मौजूदा पीढ़ी का सर्वोपरि एवं अहम् फर्ज है।

आयोग सदस्य शैलेन्द्र भट्ट ने गायत्री मण्डल की ओर से संचालित श्री पीताम्बरा आश्रम में आध्यात्मिक चेतना संकल्प सभा में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता गायत्री मण्डल के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता ने की। अपने उद्बोधन में राजस्थान राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य शैलेन्द्र भट्ट ने वागड़ की विलक्षण परम्पराओं, बहुविध वैभव एवं अन्यतम मौलिक विरासतों के साथ ही धार्मिक, आध्यात्मिक एवं परिवेशीय ख़ासियतों पर चर्चा की और कहा कि इन्हें बनाए रखते हुए विकास एवं विस्तार गतिविधियों



को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी को बेहतर ढंग से निभाने आगे आना होगा। भट्ट ने कहा कि इस दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में उनकी ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने गायत्री मण्डल की गतिविधियों को इस दिशा में अनुकरणीय एवं स्तुत्य बताते हुए कहा कि इसके संस्थापक और जाने-माने प्राच्यविद्यामर्मज्ञ ब्रह्मर्षि पं. महादेव शुक्ल के संकल्पों को साकार करने की दिशा में किए जा रहे कार्य नया इतिहास रच रहे हैं। इनमें सहभागिता निभाने के लिए सभी को मुक्त भाव से आगे आने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर गायत्री मण्डल की ओर से राजस्थान राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य शैलेन्द्र भट्ट का अभिनन्दन किया गया। मण्डल के संरक्षक दिलीप गुप्ता, सचिव विनोद शुक्ला, उपाध्यक्ष अनिमेष पुरोहित, सह सचिव सुभाष भट्ट एवं वास्तुविद् चन्द्रशेखर जोशी ने पुष्पहार, पगड़ी एवं शॉल से भट्ट का अभिनन्दन किया और रचनात्मक गतिविधियों के प्रोत्साहन एवं सम्बलन के लिए उनकी सराहना की। गायत्री मण्डल के मुख्य संरक्षक दिलीप गुप्ता ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राज्य आयोग के सदस्य भट्ट का स्वागत करते हुए उन्हें प्रेरणादायी रचनात्मक कार्यकर्ता एवं सकारात्मक व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि बांसवाड़ा की सृजनात्मक गतिविधियों में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। आरंभ में गायत्री मण्डल के संरक्षक पं. नरहरिकान्त आर. भट्ट, उपाध्यक्ष मनोहर जोशी, कोषाध्यक्ष पं. विनय भट्ट, चन्द्रेश व्यास, सुशील त्रिवेदी, विनोद जोशी, रमेश आर. भट्ट, प्रदीप भट्ट, विमल भट्ट, मनोज नरहरि भट्ट, अनिल पण्ड्या आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

## विद्यालय आधारित आंकलन प्रशिक्षण को दिया संम्बलन



**सांचोर @ जागरूक जनता।** माखूपुरा मे चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण को संम्बलन देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी भेराराम चौधरी ने कहा की मॉड्यूल आधारित उपयोगी सामग्री का विद्यालय मे उपयोग करें। कम समय मे बालक को मनोविज्ञान को समझाए शिक्षक क्रियाशील होता है। बोर्ड परीक्षाओं मे कैसे परिणाम बेहतर करें, इस बात को डाइट मे प्रकाशित पुस्तकों के माध्यम से बालकों तक पहुचाये। सीबीईओ पूनमचंद ने विद्यार्थियों के 360 डिग्री विकास हेतु सभी कौशल से युक्त प्रशन पत्र का निर्माण किया जाना चाहिए। आर पी मनोहर लाल ने प्रश्न पत्र निर्माण में ब्लूम टेक्सोनोमी आधारित हो एवं सभी कौशलो का आंकलन किया जाये जिससे विद्यार्थियों का होलीस्टिक आंकलन किया जा सके। आरपी किशनलाल सारण ने न्यू इज्जयुकेशन पॉलिसी एवं नेशनल पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मोके पर एम टी गणपतलाल डारा राजकुमार धीनूखान छिन्द्रपाल सिंह एवं संभागी मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा केन्द्रो के केन्द्राधीक्षक तथा पेपर कोऑर्डिनेटर की आमुखीकरण बैठक आयोजित

**केकड़ी @ जागरूक जनता।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए शनिवार को नगर परिषद केकड़ी के सभा भवन में जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक केकड़ी गोविंद नारायण शर्मा की अध्यक्षता में केकड़ी जिले के सभी 56 बोर्ड परीक्षा केन्द्रो के केन्द्राधीक्षक तथा पेपर कोऑर्डिनेटर की आमुखीकरण बैठक का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर गुलाबचंद पंवार प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोगला एवं उमेश त्यागी प्रधानचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरपुरा सरवाड़ ने प्रशिक्षण दिया। परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी राधेश्याम कुमावत प्रधानाचार्य राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय केकडी तथा हेमेंद्र चौधरी प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खवास केकडी ने दी। जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड आगामी स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के दौरान छात्रों के लिए निष्पक्ष और अनुकूल माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी के लिए केन्द्राधीक्षक तथा पेपर कोऑर्डिनेटर को व्यापक प्रशिक्षण और दिशानिर्देश दिए गए। प्रशिक्षण सत्र में केन्द्राधीक्षक तथा पेपर कोऑर्डिनेटर को परीक्षा प्रि याओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल और नैतिक विचारों से परिचित कराने पर केंद्रित रहा। बोर्ड के मूल्यांकन की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए परीक्षा प्रि या की अखंडता बनाए रखने पर जोर दिया गया। किसी भी प्रकार के कदाचार को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश प्रदान किए गए । परीक्षा के दौरान छात्रों के लिए एक सहायक और तनाव मुक्त माहौल बनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। परीक्षाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित समय-सीमा के पालन के महत्व को रेखांकित किया गया। एक पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली को बढ़ावा दिया जाने को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी केन्द्राधीक्षक तथा पेपर कोऑर्डिनेटर, शिक्षक एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# बौद्धिक एवं रचनात्मक कौशल अभिव्यक्ति प्रतियोगिता आयोजित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक एवं रचनात्मक कौशल अभिव्यक्ति हेतु ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवबाड़ी बीकानेर में किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता, आशु भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व एकल गायन प्रतियोगिता में विभिन्न निजी व सरकारी स्कूल से पधारे विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य उर्वशी शर्मा के निर्देशन व रूपेंद्र पुनियानी के समन्वय से सफलतापूर्वक किया गया। बीकानेर ब्लॉक लेवल पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेता जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रभारी अमरदीप गोदारा के नेतृत्व में आयोजक मंडल सदस्य कैलाश चौधरी, मुकेश मोदी, कीर्ति दुग्गल, त्रिमूर्ति भाटी, रेखा मरमट, सिकंदर यादव सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता 'उमंग' आयोजित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** कृषि विवि की दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता (उमंग 2023-24) का आयोजन कृषि महाविद्यालय द्वारा करवाया गया। दो दिवसीय सम्मेलन में कृषि महाविद्यालय, जोधपुर ने श्रेष्ठ सांस्कृतिक जुलूस प्रस्तुत की। सम्मेलन के प्रथम दिन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, जोधपुर ने जीत हासिल की। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय 'ऑनलाईन शिक्षा' के पक्ष में विचारों को व्यक्त करते हुए कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर विजयी रही, वही विपक्षी पक्ष का समर्थन करते हुए कृषि महाविद्यालय, नागौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाग्मिता व तात्कालिक प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, नागौर तथा सुमेरपुर ने क्रमषः जीत हासिल की।

ANCHOR मुखरता

# चम्बल रिवरफ्रंट की अनदेखी हुई तो करेंगे आंदोलन-धारीवाल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** एनजीटी की ओर से चम्बल रिवरफ्रंट के निर्माण को वैध मानते हुए आरोपों पर क्लीन चिट मिलने के बाद पूर्व यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल मुखर हो गए हैं। एनजीटी के फैसले के बाद कोटा पहुंचे धारीवाल ने एक सामाजिक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस सरकार में निर्मित किए गए विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवरफ्रंट की अनदेखी की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में करवाया गया विकास भाजपा वालों को पच नहीं रहा है। विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल चंबल रिवरफ्रंट पर कुछ चीजों को बंद करने के बारे में



जानकारी मिली है। यदि ऐसा हुआ तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने एनजीटी का हवाला देते हुए कहा कि एनजीटी ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में चंबल रिवरफ्रंट को बेहतरीन पर्यटन स्थल माना है। साथ ही, किसी तरह के नियमों की अवहेलना रिवरफ्रंट के निर्माण में नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दोबारा आती तो दूसरे चरण का कार्य भी हम बेहतरीन ढंग से करते। उन्होंने कहा कि शहर की जनता चाहती है कि ग्रीन रिवरफ्रंट का भी काम शुरू होना चाहिए। मौजूदा सरकार को शहर के हित में ग्रीन रिवरफ्रंट का काम शुरू करना चाहिए।

घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि
☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................
पता : ....................
....................
फोन .................... पिन कोड
राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................
डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................
दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →
जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26

अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थानीय जनों से राज्यपाल ने किया संवाद, कहा...

# दोनों ही पर्वतीय प्रदेश भारत के भाल



## राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम स्थापना दिवस पर दी बधाई और शुभकामनाएं

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल मिश्र ने राजभवन में मंगलवार को इन दोनों ही राज्यों के निवासियों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि उत्तर-पूर्व के यह दोनों ही राज्य भारत की संप्रभुता से जुड़े जनजातीय संस्कृति और परंपराओं की अनूठी धरोहर लिए है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक संपन्नता और भेदभाव रहित परस्पर मेलजोल की संस्कृति की भी इस दौरान विशेष रूप से सराहना की।

मिश्र ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम विविधता में एकता की भारत भूमि के विशिष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के लिए सभी को मिलकर कार्य करने पर भी जोर दिया। इससे पहले उन्होंने इन दोनों राज्यों की स्थापना से जुड़े इतिहास और संविधान से जुड़ी भारतीय संस्कृति के बारे में भी स्थानीय जनों से संवाद किया। अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों ने स्थापना दिवस पर राजभवन में आने के अपने अनुभव साझा कर राज्यपाल मिश्र का आभार जताया। मिजोरम की सुश्री आपुई और सुश्री फेली ने गीत और मिजोरम अरुणाचल के लोगों ने वहां की संस्कृति से जुड़ी समवेत प्रस्तुति दी। सभी ने बाद में राजभवन स्थित संविधान उद्यान का अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

# प्याज निर्यात पर 31 मार्च तक जारी रहेगी रोक, केंद्र ने किया स्पष्ट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि 31 मार्च, 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध जारी रहेगी। कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी रोहित कुमार सिंह ने आज यह जानकारी दी। साथ ही उन्होंने उन खबरों का खंडन किया है जिसमें कहा जा रहा है कि प्याज के एक्सपोर्ट पर लगी रोक को हटा दिया गया है। सरकार कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू सप्लाई बनाए रखना चाहती है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि प्याज के निर्यात पर लगी रोक जारी है और उसके स्टेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## सस्ती प्याज उपलब्ध कराना है प्राथमिकता

रोहित कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा है कि प्याज निर्यात पर प्रतिबंध नहीं हटाया गया है। यह पूर्व निर्धारित तिथि तक जारी रहेगा। है। मौजूदा स्थिति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर प्याज की पर्याप्त उपलब्धता कराना है। कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि प्याज के निर्यात पर बैन पहले से लगा हुआ है जो 31 मार्च 2024 तक जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार कीमतों को नियंत्रण में रखने और घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने की कोशिशें कर रही है। आपको बता दें कि मोदी सरकार ने बीते साल 8 दिसंबर को 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था।

# विदेशी बालाएं - देशी अभिवादन



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** 71वीं मिस वर्ल्ड का आयोजन 18 फरवरी से 9 मार्च के बीच नई दिल्ली के भारत मंडपम सहित विभिन्न स्थानों पर होगा। भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा होटल अशोक में 'द ओपनिंग सेरेमनी' और 'इंडिया वेलकम्स द वर्ल्ड गाला' उत्सव की मेजबानी की जा रही है। समारोह की शुरूआत के दौरान हाथ जोड़कर अभिवादन की मुद्रा में विदेशी बालाएं।

राज्य सभा निर्वाचन- 2024

# राज्य सभा के लिए भाजपा के दो और इण्डियन नेशनल कांग्रेस का एक प्रत्याशी निर्वाचित



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान से राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव- 2024 के लिए तीन सीटों पर तीन प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित किया गया। मंगलवार को यहां विधान सभा में राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं राज्यसभा के निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चुन्नी लाल गरासिया व मदन राठौड और इण्डियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार सोनिया गांधी को निर्वाचित घोषित किया।

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में व्याख्यान: मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बोले... अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रामराज्य के आदर्श सर्वथा उपयुक्त

# रामराज्य की परिकल्पना में सभी का कल्याण

## सुशासन के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सर्विस डिलिवरी बहुत महत्वपूर्ण

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि अमृतकाल में भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए राम राज्य की सोच और आदर्श पर चलना ही सबसे उपयुक्त है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में ''अमृत काल के लक्ष्य प्राप्त करने में लोक प्रशासन की भूमिका'' विषय पर स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज के व्याख्यान के अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं लोकसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए धर्म का पालन बहुत आवश्यक है। सही मार्ग पर चलना, राष्ट्रहित तथा हर व्यक्ति को न्याय मिले यह सब धर्म की अवधारणा में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में धर्म और मर्यादा के पालन का आदर्श समाज के सामने प्रस्तुत किया। भगवान राम के आदर्शों पर आधारित रामराज्य की अवधारणा में सभी के कल्याण का भाव निहित है। शर्मा ने कहा कि लोक सेवकों को देश एवं प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुसार नीतियां बनानी चाहिए तथा उन नीतियों में नवीनतम तकनीक और नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए। साथ ही, उन्हें सुशासन के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सर्विस डिलिवरी पर फोकस रखते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों को अपनी भूमिका निष्ठा से निभानी होगी, जिससे आमजन का सुशासन के प्रति विश्वास बना रहें तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी अपना योगदान दे सकें।



### सेवक की तरह काम करने से ही शासक की शोभा -स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज

**कार्यक्रम** में मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए स्वामी गोविन्द देव गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल की संकल्पना हम सबके सामने रखी, जिसमें उन्होंने नारी, किसान, युवा एवं गरीब चार वर्गों के उत्थान पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस विजन तथा मुख्यमंत्री की प्रेरणा को पूरा करने के लिए लोकसेवकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि योजना बनाकर धरातल पर लागू करने का काम लोकसेवकों का ही है। उन्होंने कहा कि शासक की शोभा तब बढ़ती है जब वे सेवक की तरह काम करें और सुशासन के लिए प्रशासक जनता को अंकुश के साथ आधार भी दें। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों का दृष्टिकोण धर्म, जाति, लिंग से परे पक्षपात रहित होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र है। इस मंदिर के निर्माण में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के रूप में स्वामी श्री गोविंद देव गिरि महाराज के योगदान को कोई नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हजारों सालों से चलती आ रही हमारे देश की महान संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाया है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती है।

हरिशचंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षु अधिकारीगण मौजूद थे।

ई- विधानसभा समीक्षा बैठक

# राजस्थान विधानसभा शीघ्र होगी डिजिटल-देवनानी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा को डिजिटल बनाने की प्रक्रिया शीघ्र ही आरम्भ कर दी जायेगी। इसके लिए केन्द्र सरकार की राज्य की विधानसभाओं को डिजिटल बनाये जाने के लिए 'वन नेशन - वन एप्लीकेशन' के तहत नेशनल ई- विधान एप्लीकेशन का उपयोग राजस्थान विधानसभा को डिजिटल बनाये जाने के लिए किया जायेगा।

मंगलवार को विधानसभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में विधानसभा को डिजिटल बनाये जाने के लिए एक बैठक हुई। बैठक में श्री देवनानी ने नेशनल ई- विधान एप्लीकेशन (नेवा) की जानकारी ली। श्री देवनानी ने बताया कि इस ई- विधान एप्लीकेशन से राज्य विधानसभा के सदस्यों और अधिकारियों को कार्य करने में आसानी होगी। इस एप्लीकेशन से विधानसभा के सदन से संबंधित विधेयक, रिपोर्टस आदि की जानकारी मीडिया, अनुसंधानकर्ता और आम नागरिक देख सकेंगे। इससे विधानसभा की कार्यवाही पेपर लेस हो सकेगी और स्टेशनरी की बचत भी होगी। ई- विधान एप एन्ड्रोएड और आई.ओ.एस. दोनों तरह के मोबाइल पर चल सकेगा। यह एप ई-बुक और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। नेवा के तहत सदन की कार्यवाही विवरण, सदन में रखे जाने वाले पेपर्स, विधेयक से संबंधित जानकारी, समितियों की रिपोर्ट, प्रश्न और उनके जवाब, बुलेटिन, कार्यवाही विवरण, डिजिटल लाईब्रेरी, सूचनाएं और सदस्यों से संबंधित जानकारी एक ही एप्लीकेशन में उपलब्ध होगी।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को नेवा के अधिकारियों ने बताया कि नेवा का बीस राज्यों से सदनों को डिजिटल किये जाने का एम.ओ.यू. हो चुका है। उन्नीस राज्यों की डीपीआर बन चुकी है। उन्नीस राज्यों में यह परियोजना स्वीकृत हो गई है और तेरह राज्यों में नेवा के तहत विधानसभाओं को डिजिटल किये जाने हेतु कार्य आरम्भ हो गया है। बैठक में राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा सहित नेवा, एन.आई.सी. और गुजरात विधानसभा में कार्य कर रहे सूचना तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद थे।

# 50 वीं दीक्षा जयन्ती बुधवार को

**जोधपुर @ जागरूक जनता।** साधुमार्गी जैन परम्परा कि ओर से बुधवार को कमला नेहरु नगर प्रथम विस्तार नानेश मार्ग स्थित समता भवन में राष्ट्रीय सन्त रामेश की 50 वीं दीक्षा जयन्ती का आयोजन होगा।इस महोत्सव के अन्तर्गत अब तक धार्मिक क्षेत्र में विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की धार्मिक परीक्षाओं का आयोजन किया गया। समारोह का समय सुबह रखा गया है। उक्त आयोजन साधुमार्गी जैन संघ जोधपुर के अध्यक्ष बहादुरचन्द मणोत की अध्यक्षता में मनाया जाएगा।

## लाहौल स्पीति में स्कूलों की छुट्टी: श्रीनगर से कई फ्लाइट कैंसिल, जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद



जागरूक जनता @ हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के कॉमिक-हिक्किम सड़क पर फंसे पर्यटकों को रेस्क्यू करने के लिए सड़क से बर्फ हटाते हुए रेस्क्यू टीम के सदस्य।

# हिमाचल में बर्फबारी, 7 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ऊंची चोटियों पर भारी बर्फबारी हो रही है। इससे 350 से ज्यादा सड़कें, 450 से ज्यादा बिजली के ट्रांसफार्मर ठप हो गए। अटल टनल से रोहतांग के लिए वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। वहीं, आज भी 7 जिलों शिमला, मंडी, कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, कांगड़ा और चंबा में भारी बारिश बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ज्यादा बर्फबारी कुल्लू, चंबा और लाहौल स्पीति जिले में हुई है। लाहौल स्पीति में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। वहीं, श्रीनगर से देश के अन्य हिस्सों की कई फ्लाईट्स भी कैंसिल की गई है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की हुयी बैठक

# मदरसों में आधुनिक शिक्षण देना अनिवार्य वरना पंजीकरण होगा रद्द

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शासन सचिव राजन विशाल ने मंगलवार को शासन सचिवालय के मुख्य भवन में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में 100 दिनों की कार्ययोजना, सरकार के संकल्प पत्र में संबंधित विभागीय बिंदुओं की उपलब्धि, प्रधान मंत्री जनविकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, बजट योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति, जिलों में संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों के संचालन, मदरसा शिक्षा एवं आधुनिकीकरण, छात्रवृत्ति, राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम के ऋण वितरण एवं वसूली, कौशल विकास, अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं एवं बाल विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। विशाल ने कहा की अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें इसके लिए सभी अल्पसंख्यक समुदायों को जागरूक करने का अभियान चलाया जाये। अल्पसंख्यकों के बेहतर कौशल विकास व रोज़गार पर ध्यान देने के साथ ही इस पर आधारित कार्ययोजना को ध्यान में रखकर मूर्त रूप दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जिले के मदरसों की भौतिक व्यवस्थाओं, पीने का पानी, शौचालय, स्वच्छता, मदरसा के आधुनिकीकरण के कार्यों की प्रगति आदि के बारे में जानकारी ली।

विशाल ने आधुनिक शिक्षण ना देने वाले मदरसों को नोटिस दे करवाई के आदेश दिये। उन्होंने कहा की बच्चों को दीनी तालीम के साथ आधुनिक एवं तकनीकी तालीम भी मिले जिससे तकनीकी युग की मुख्यधारा से पिछड़े नहीं।



### अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में 100 प्रतिशत नामांकन के लिए बनाए कार्ययोजना

**विशाल** ने कहा कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में चाइल्ड सेन्ट्रिक एप्रोच के साथ काम किया जाए। आगामी सत्र आरंभ होने से पहले हितधारकों, अभिभावकों व प्रबुधजनों से संवाद कर उनके सुझाव लें और 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने लिए कार्ययोजना बनाए। उन्होंने अनुशासन पर प्रकाश डालते हुए निर्देश दिये की विद्यालयों में कार्यरत सभी कार्मिक समय पर आएं। बच्चों के प्रति उनका व्यवहार अच्छा हो और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों को पूरा करें। शौचालय की नियमित सफाई हो। प्रांगण साफ-सुथरे हों और स्वादिष्ट व संपूर्ण आहार बच्चों को दिया जाये। आवासीय विद्यालयों में बच्चों को होम अवे फोम होम की भावना आना अति महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से समस्याओं का इंद्राज कर त्वरित समाधान हो। तकनीकी नवाचारों से आवासीय विद्यालयों को चाइल्ड फ्रेंडली बनाया जाए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को सभी आवासीय विद्यालयों के समय-समय पर औचक निरीक्षण के भी निर्देश दिये।

संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

## जागरूक खबरें

### ■ युवा प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता शिल्पग्राम में 2 मार्च को

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा राजस्थान की लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य क्षेत्र में कला साधना करने वाली 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग की राजस्थान की युवा प्रतिभाओं के सम्मान के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन 2 मार्च को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवा कलाकार अपना आवेदन 28 फरवरी तक पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी आप पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के फेसबुक पेज तथा वेबसाइट पर प्राप्त कर सकते हैं।

### ■ वनस्थली विद्यापीठ का 88वाँ वार्षिकोत्सव संपन्न

**जयपुर @ जागरूक जनता।** वनस्थली विद्यापीठ का 88वां वार्षिकोत्सव20 फरवरी 2024 को संपन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला थे। मुख्य अतिथि का स्वागत वनस्थली विद्यापीठ के 'स्वागत द्वार पर विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, उपाध्यक्ष प्रो. ज्योति पारीक, कुलपति प्रो. ईनाआदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष प्रो. सुधा शास्त्री, वनस्थली सेंटर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक डॉ. अंशुमान शास्त्री ने किया। वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा सलामी देने के उपरान्त छात्राओं द्वारा पारंपरिक शैली में सूत की माला पहनाकर एवं स्वागत गान के द्वारा उनका अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने वनस्थली विद्यापीठ की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल 'श्रीशांताबाई शिक्षा कुटीर) व संस्थापकों के मूल निवास स्थान 'गाँधी घर'का अवलोकन किया। कुलपति प्रो ईना आदित्य शास्त्री ने उन्हें इस स्थान की महत्ता से अवगत कराया। तदुपरांत परेड ग्राउंड में वनस्थली सेवा दल एवं एनसीसी कैडेट छात्राओं की सेरेमोनिएल परेड का अवलोकन किया। वीरबाला मैदान में छात्राओं के घुड़सवारी कौशल देखने के बाद मारुत मैदान में उन्होंने फ्लाईंग क्लब का परिदर्शन किया।

नारायण सेवा का आर्टिफिशियल लिंब फिटमेंट शिविर 2 मार्च को

# डिविनिटी पवेलियन बैंक्वेट हॉल लेक टाउन में 350 से ज्याद को लगेंगे कृत्रिम हाथ-पैर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**उदयपुर।** देश-विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान में संचालित जायसवाल सेवा हॉस्पिटल द्वारा वेस्ट बंगाल के दिव्यांगों के लिए 2 मार्च को निःशुल्क नारायण आर्टिफिशियल लिम्ब फिटमेंट का विशाल शिविर कोलकाता में आयोजित होगा। यह शिविर डिविनिटी पवेलियन बैंक्वेट हॉल लेक टाउन में 2 मार्च को प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक चलेगा। जिसमें संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रशांत अग्रवाल की उपस्थिति रहेगी।

प्रेस क्लब में मंगलवार को प्रेस वार्ता में संस्थान ट्रस्टी निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बन्धुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 39 वर्षों से प्रयासरत हैं। इसी शृंखला में नारायण सेवा ने बीते वर्ष की 26 नवंबर को निःशुल्क आर्टिफिशियल लिंब मेजरमेंट कैंप का आयोजन विधान गार्डन में किया था। जिसमें 400 से अधिक रोगी आए थे। इनमें से 350 जन ऐसे थे जो सड़क दुर्घटना या किसी हादसे से हाथ-पैर खोकर अपाहिज हो गए थे। उनका चयन करते हुए संस्थान ने आर्टिफिशियल लिम्ब के लिए मेजरमेंट लिया। इस शिविर के लिए स्थानीय जायसवाल समाज की विभिन्न युवा - महिला वर्ग की संस्थाओं सहित श्री सहस्त्र जायसवाल समाज, अर्जुन जयंती समारोह समिति, शिव पार्वती जनकल्याण समिति, सिद्धेश्वर शिव समाज संघ, 108 प्रमाण सागर जैन फाउन्डेशन, डीबी फाउन्डेशन, नागरिक स्वास्थ संघ और श्री भूमि विकास मंच जैसी 18 से अधिक समाज सेवी संघ जुड़े है।

महागंगोत्री प्रभारी रजत गौड़ ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कोलकाता में पहली बार संस्थान एक साथ 350 से ज्यादा दिव्यांगों को कृत्रिम अंग पहनकर उन्हें नई जिंदगी का उपहार देगा। यह सभी अपनी दिव्यांगताभरी जिंदगी के चलते अपने परिवार और परिजनों पर बोझ बन गए थे। संस्थान उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में ला रहा है।

नारायण सेवा संस्थान ने 4.50 लाख से ज्यादा दिव्यांगता ग्रस्त की सफल सर्जरी की है और 42 हजार के ज्यादा दुर्घटना शिकार दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर लगा चुका है। ऐसे ही कोलकता के उदास चेहरों पर मुस्कान लाने वाला यह शिविर सिद्ध होगा।

शिविर के उद्घाटन और भव्यता के लिए बंगाल सरकार के केबीनेट मंत्री सुजीत बोस, स्नेहाशीष चक्रवर्ती, वेस्ट बंगाल के मेन फोर्स की अध्यक्ष नंदिनी भट्टाचार्जी सहित सैकड़ो जनों को आमंत्रित किया गया है।

शिविर में आने वाले दिव्यांगों के लिए संस्थान की ओर से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था रहेगी। इन दिव्यांगों को लिम्ब फिटमेंट के बाद चलने की सुव्यस्थित ट्रेनिंग दी जाएगी। इस हेतू संस्थान की 30 सदस्य टीम सेवाओं में तत्पर रहेगी। समारोह में संस्थान पीआरओ भगवान प्रसाद गौड़, कोलकाता आश्रम प्रभारी प्रकाश नाथ ने शिविर का पोस्टर भी जारी किया।

# धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** जिला चित्तौड़गढ़ मेवाड़ की पावन भूमि पर 19 फरवरी 2024 को क्षत्रिय मराठा समाज निम्बाहेड़ा द्वारा आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गयी। बाबा महाकाल कैलाश मंदिर होलिथड़ा से आरंभ हुई शोभायात्रा में " जय शिवाजी जय भवानी" का उदघोष होता रहा। विवेकानंद सर्कल पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

क्षत्रिय मराठा सामुदायिक भवन आदर्श कॉलोनी में मुख्य समारोह की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ जन दिनकर तावरे ने की एवं विशिष्ठ अतिथि राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित विजेश नाईक थे। अतिथियों में युवा उद्यमी राजेंद्र राव पंवार ,समाजसेवी पूरण राव नाईक (मेवाड़ शिकंजी वाले), समाज सेवी गोविन्द राव पंवार थे। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार एवं कवि प्रहलाद मराठा ने किया। पूर्व नगरपालिका पालिका चेयरपर्सन श्रीमती कमला मराठा, पूर्व प्रिंसिपल यशवंत क़दम, पूरण नाईक ,मल्हार ठाकरे ने छत्रपति शिवाजी की जीवनी पर प्रकाश डाला और समाज को आगे किस तरह ले जाया जाए पर अपना उद्बोधन दिया। संजना सावंत ने शिवाजी पर काव्य पाठ किया। नन्ही बाल प्रतिभाओं ने विचित्र वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। बाल प्रतिभाओं में सिद्धि कीर्ति गाजरे, जीविका मराठा, अक्षिता जाधव, काव्या, हिमांशी, दीप्ती आरुषि, हर्ष आदि ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। समाज के बालक- बालिकाओं में कक्षा 1से स्नातक स्तर तक उत्तीर्ण 75% से अधिक अंक लाने पर पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रहलाद मराठा, विजेश नाईक एवं हेमंत जाधव को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विमला मराठा, कांता गाजरे, माधुरी गाजरे, कृष्णा क़दम, दिनेश राव पंवार, हरिहर राव, श्याम राव, ललित राव, राजेश नाईक,बाबू राव जाधव, विज्जु राव पंवार आदि समाज जन इस आयोजन में उपस्थित थे। क़दम द्वारा आभार के साथ ही इस आयोजन का समापन हुआ। समाज एवं राजेंद्र पंवार, शिवाजी राव जाधव की ओर से बच्चो व प्रतिभाओं को पुरुस्कृत किया गया।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का टोंक दौरा

# राजकीय कार्मिक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़े

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर मंगलवार को टोंक जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने उपखंड निवाई के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री दिलावर ने कहा कि कोई भी राजकीय कार्मिक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़े। साथ ही, कार्यालय के गतिविधि रजिस्टर का संधारण करें। शिक्षा मंत्री ने जयपुर से टोंक आते समय उपखंड निवाई के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का अवलोकन किया। दिलावर ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में स्थित छात्राओं की आवास व्यवस्था, किचन, लाइब्रेरी सहित विद्यालय की अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने शिक्षण संस्थान में विद्यालय ड्रेस में आना चाहिए। आगामी दिनों में शिक्षा में विविध नवाचार किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार श्रेष्ठ शिक्षा के लिए काम कर रही है। शिक्षा मंत्री ने वार्डन कल्पना जैन, सहायक वार्डन वेदवती शर्मा से आवासीय विद्यालय के बारे में चर्चा की। इसके बाद शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने तहसील टोंक की ग्राम पंचायत एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरण का निरीक्षण किया। दिलावर ने ग्राम पंचायत में निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी के अनुपस्थित पाये जाने पर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिष्ठा पिलानिया को संबंधित कार्मिक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही, ग्राम पंचायत के शौचालय में गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों एवं पंचायतों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। शिक्षा मंत्री ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरण में निरीक्षण के दौरान विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर को परखा।

दिलावर को विद्यालय स्टॉफ ने बताया कि विद्यालय परिसर की भूमि पर प्रभावशाली लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है। शिक्षा मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

# 'वेदशास्त्र रिसर्च एंड फाउंडेशन'की ओर से सनातन संस्था का 'हिन्दुत्व के आधारस्तंभ' पुरस्कार देकर सम्मान!

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**देहरादून।** 'वेदशास्त्र रिसर्च एंड फाउंडेशन'की ओर से देशभर में सांस्कृतिक, सामाजिक एवं हिन्दुत्व के क्षेत्र में समर्पित भाव से उल्लेखनीय कार्य करनेवाले मान्यवर व्यक्ति एवं संस्था को सम्मानित किया गया। इस समारोह में उत्तराखंड के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा महाराष्ट्र के भूतपूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के हस्तों सनातन संस्था को 'हिन्दुत्व के आधारस्तंभ' (पिलर्स ऑफ हिन्दुत्व) पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सनातन संस्था की ओर से धर्मप्रचारक अभय वर्तक ने यह पुरस्कार स्वीकारा । यह सम्मान समारोह देहरादून (उत्तराखंड) में सांस्कृतिक विभाग के ऑडिटेरीयम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 'देवभूमि रत्न पुरस्कार' एवं 'हिन्दुत्व के आधारस्तंभ' पुरस्कारों का वितरण किया गया। 'वेदशास्त्र रिसर्च एंड फाउंडेशन'की अध्यक्षा डॉ. वैदेही ताम्हणजी ने संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन किया था । इस अवसर पर अभय वर्तक ने पुरस्कार स्वीकारते हुए 'वेदशास्त्र रिसर्च एंड फाउंडेशन' एवं अध्यक्षा डॉ. वैदेही ताम्हण का सनातन संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया। वे आगे बोले कि सनातन संस्था एकमात्र ऐसी संस्था है, जो संतों के मार्गदर्शनानुसार अध्यात्म पर सखोल शोधकार्य करती है। सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवलेजी ने सनातन संस्था की स्थापना की। उन्होंने अध्यात्म के विविध विषयों पर 364 से भी अधिक ग्रंथ 13 भाषाओं में प्रकाशित किए हैं। आप सनातन के आश्रम को भेट देकर अध्यात्म पर हो रहे शोधकार्य का अवश्य लाभ लें । डॉ. भगतसिंह कोश्यारी ने वेदशास्त्र रिसर्च एंड फाउंडेशन' एवं उसकी अध्यक्षा डॉ. वैदेही ताम्हण के विषय में बोले, 'भारतभर के विविध राज्यों के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं हिन्दुत्व के क्षेत्र के मान्यवरों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया, इसके लिए व्यापक शोधकार्य की आवश्यकता होती है। उनका यह कार्य प्रशंसनीय है।

ANCHOR | आरपीएससी

# ऑनलाइन तथा विस्तृत आवेदन, परीक्षा सहित विभिन्न सुधारात्मक निर्णय किए गए जारी

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय प्रतियोगी परीक्षा-2024 से होंगे लागू

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती व परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में विभिन्न सुधारात्मक निर्णय लिए गए हैं। यह निर्णय विज्ञापन संख्या 15/2023-24 दिनांक 14 फरवरी 2024 द्वारा जारी पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-द्वितीय प्रतियोगी परीक्षा-2024 से लागू किए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा आवेदन से चयन तक की प्रक्रिया को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर समीक्षा कर सुधारात्मक निर्णयों एवं नवाचारों को लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोग द्वारा निम्नानुसार सुधारात्मक निर्णय लिए गए हैं:-

» अभ्यर्थी को वांछित शैक्षणिक योग्यता (शैक्षणिक योग्यता, अनुभव व आयु इत्यादि) होने पर ही ऑनलाइन आवेदन करना चाहिए। असत्य एवं गलत सूचना के आधार पर आवेदन करना तथा विज्ञापित पद की अर्हता नहीं होने पर भी उसे प्रत्याहरित नहीं किया जाना भारतीय दंड संहिता की धारा 182 के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसे प्रकरण में अभ्यर्थी को कालांतर में काउंसलिंग, पात्रता जांच एवं साक्षात्कार के दौरान अपात्र किए जाने पर आगामी एक वर्ष की अवधि के लिए भर्ती परीक्षाओं से विवर्जित किया जाएगा एवं विधि सम्मत कार्यवाही भी की जा सकेगी।

» ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी के द्वारा सामान्य प्रविष्टियों के अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का इंद्राज करने पर इसकी पुष्टि के लिए अभ्यर्थी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्रेषित किया जाएगा। इसके माध्यम से पुष्टि करने पर ही ऑनलाइन आवेदन की शेष प्रविष्टियों का इन्द्राज किया जा सकेगा।

» ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सभी प्रविष्टियों को भरने के पश्चात् पुष्टि के लिए अभ्यर्थी के पास पुनः ओटीपी प्रेषित किया जाएगा। पुष्टि करने पर एप्लीकेशन नंबर जनरेट होने के पश्चात् ही आवेदन-पत्र को प्राप्त माना जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने पर एप्लीकेशन नंबर आवश्यक रूप से प्राप्त होगा। इसके अभाव में मात्र आवेदन-पत्र के प्रिव्यू को आवेदन सबमिट होना नहीं माना जाएगा।

» आयोग द्वारा प्रथम घोषित परीक्षा तिथि से 60 दिवस पूर्व 7 दिन के लिए ऑनलाइन एडिट के लिए विकल्प खोला जाएगा। इसके अंतर्गत अभ्यर्थी के फोटो, नाम, पिता के नाम, जन्मतिथि व लिंग के अतिरिक्त अन्य संशोधन किए जा सकेंगे।

» आवेदन-पत्र को प्रत्याहरित करने का विकल्प ऑनलाइन आवेदन-पत्र की अनुमत संशोधन तिथि तक उपलब्ध होगा।

**विस्तृत आवेदन-पत्र संबंधी निर्णय–**

» आयोग द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु जारी विचारित सूची अनुसार काउंसलिंग कार्यक्रम व संवीक्षा परीक्षाओं के परिणाम पश्चात् अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन-पत्र प्राप्त किए जाते हैं। इसके लिए निर्धारित की गई अवधि में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं। अवधि समाप्त होते ही ऐसे अभ्यर्थियों को अविलम्ब व्यक्तिगत नोटिस जारी कर एक और अवसर दिया जाएगा। नोटिस जारी करने की तिथि को अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। इस संबंध में संक्षिप्त सूचना दो प्रमुख समाचार-पत्रों के माध्यम से प्रकाशित करवाई जाएगी। अवसर संबधी यह सूचना आयोग की वेबसाइट पर भी अभ्यर्थियों की सूची के साथ विस्तृत रूप से प्रदर्शित की जाएगी। पुनः दिए गए इस अवसर के संबंध में उचित माध्यमों से सूचित करने उपरांत भी उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

» उक्त उल्लिखित अवसरों तक विस्तृत आवेदन-पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिये इच्छुक नहीं होने एवं अधिकारों का परित्याग मानते हुए अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता पर कोई विचार नहीं करते हुए परिणाम हेतु विचारित नहीं किया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

» अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से विस्तृत आवेदन-पत्र शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर प्राप्ति रसीद की प्रति विस्तृत आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र
जो दिखेगा वही बिकेगा
जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।
आज ही बुक करें विज्ञापन

आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ
विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्प्ले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक
विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070

भजनलाल सरकार ने गहलोत की योजना का कर दिया पोस्टमार्टम, पोस्टर और बैनर हटाने के आदेश जारी

# चिरंजीवी बनी 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना'

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में जबसे भजनलाल सरकार बनी तबसे ही जनता के हित में बड़े बदलाव हो रहे हैं। 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने से लेकर महिलाओं की पेंशन में वृद्धि तक कई बड़े बदलाव किए हैं। अब भजनलाल सरकार पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की महत्वकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' का पोस्टमार्टम कर दिया है। इस योजना को नाम बदलकर अब 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' कर दिया है।



### बैनर पोस्टर हटाने दिए निर्देश

**भजनलाल** सरकार ने गहलोत की बात पर गौर फरमाते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना को बंद करने की बजाय उसका नाम चेंज कर दिया है। इतना ही राजस्थान में इस योजना के कही भी पोस्टर और बैनर लगे हैं उन्हें हटाने निर्देश भी जारी किए हैं। अब योजना से संबंधित साइट बदल जाएगा।

### नाम बदलने के लिए सर्कुलर जारी

**राजस्थान** स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी द्वारा 19 फरवरी को एक सर्कुलर जारी किया गया है जिसमें लिखा गया, बजट घोषणा 2024-25 की अनुपालना में प्रदेश में वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य बीमा योजना का नाम मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य योजना करने निर्णय लिया गया है। अतः निर्णय की पालना करते हुए योजना का नाम ऑनलाइन पोर्टल तथा समस्त प्रिटिंग सामग्री/ हॉर्डिंग/ बैनर/प्रचार-प्रसार सामग्री/अस्पतालों के काउंटर/प्रांगण इत्यादि पर तदनुसार परिवर्तित कर मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य योजना लिखवाया जाना सुनिश्चत करें ताथ भविष्य में किए जाने वाले समस्त पत्राचार में भी मुख्यमंत्री आयुष्मान आयोग्य योजना नाम का उपयोग किया जाएं। योजना की शेष शर्तें एवं प्रावधान यथावत रहेंगे।

### नियम और शर्तें रहेंगी यथावत

**बता** दें कि अशोक गहलोत सरकार के समय राजस्थान में शुरू की गई मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का नाम भजनलाल सरकार ने चेंज कर दिया है, लेकिन योजना के नियम और शर्तों को यथावत रखा गया है। इसमें किसी तरह कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर का कहना है कि राजस्थन में एक नई हेल्थ स्कीम लाई जाएगी। जिसमें केंद्र की आयुष्मान योजना को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा था कि पिछली सरकार ने चिरंजीवी में बढ़ा-चढ़ाकर बोला है। उन्होंने कहा कि इस योजना में 25 लाख रुपए का इलाज देने की बात कही गई थी, लेकिन ये केवल लॉलीपॉप है, लेकिन इसमें 8 लाख रुपए से ज्यादा फायदा किसी को नहीं मिला।

## गांवों में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए वाहनों का क्रय किया जाए

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने निर्देश दिये कि गांवों में घर-घर से कचरा संग्रहण के लिए आवश्यकतानुसार वाहनों का क्रय किया जाए अथवा किराये के वाहनों से यह कार्य करवाया जाए। दिलावर सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि गांव में वास्तविक रूप से सफाई हो, यह सुनिश्चित किया जाये तथा नरेगा योजनान्तर्गत अधिक से अधिक व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सोख्ता गड्ढों का अभियान चलाकर निर्माण करवाया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि महात्मा गांधी नरेगा से सफाई कर्मियों को लगाने हेतु नियमों का परीक्षण कर भारत सरकार से इस संबंध में निवेदन किया जाएगा। जिन गावों में घर-घर से कचरा संग्रहण होने की सूचना प्राप्त हो रही है, उनमें वास्तविक स्थिति का आंकलन करने हेतु औचक निरीक्षण होगा। दिलावर ने गांव में स्वच्छता सहित समस्त कार्यों हेतु वर्तमान में प्रचलित बी.एस.आर. दरों की भी आवश्यकतानुसार समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग में उपलब्ध राशि को स्वच्छता के कार्यों हेतु उपयोग करने के लिए नियमों में संशोधन का भी परीक्षण किया जाए।

मुख्यमंत्री का पाली दौरा : जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# गुड गवर्नेंस हमारी सरकार का ध्येय-शर्मा

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी जनसेवा की भावना के साथ आमजन की समस्याओं को समझें व समयबद्ध रूप से उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को सुशासन के माध्यम से राहत देने के लिए हर विभाग अपने महत्वपूर्ण कार्यों का निर्धारण करे व समस्त कार्मिकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित हो। शर्मा पाली जिले के जिला परिषद् सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए संवेदनशीलता के साथ समय से तय लक्ष्यों की प्राप्ति करनी होगी। उन्होंने जिले में जन-सुनवाई, औचक निरीक्षण, चिकित्सा सुविधा, कानून-व्यवस्था, लम्बित राजस्व प्रकरण तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की।

## ब्रीफ खबरें

### सपा ने कांग्रेस को अब यूपी में 17 लोकसभा सीटों का दिया ऑफर

**लखनऊ।** कांग्रेस और सपा के बीच यूपी में सीटों के तालमेल का मामला अभी चल रहा है। सोमवार को सपा ने कांग्रेस को 17 सीटों का ऑफर दिया। यह भी कहा कि यह अंतिम पेशकश है। इससे पहले सपा ने कांग्रेस को 11 सीटों का ऑफर दिया था। हालांकि जिन 17 सीटों का की नई पेशकश की गई है उनका ब्योरा नहीं बताया गया है। यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर मंगलवार तक कांग्रेस ने सपा के ऑफर को मान लिया तभी अखिलेश यादव न्याय यात्रा में शामिल हो सकेंगे। सपा मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने बताया कि हमने कांग्रेस को 17 लोकसभा सीट की अंतिम पेशकश की है। इस पेशकश पर कांग्रेस की स्वीकृति के आधार पर रायबरेली में न्याय यात्रा में अखिलेश यादव का शामिल होना निर्भर करेगा। हालांकि, उन्होंने उन सीट के नाम बताने से इनकार किया जिनकी पेशकश कांग्रेस को की गई है।



#### 11 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

लोकसभा चुनाव से पहले सपा ने सोमवार को प्रत्याशी की दूसरी लिस्ट जारी कर दी। गाजीपुर लोकसभा सीट से अखिलेश यादव मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को टिकट दिया है। जबकि मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### संदेशखाली हिंसा : सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में हुई हिंसा की अदालत की निगरानी में सीबीआई या विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही मामले पर संज्ञान ले लिया है। पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने की स्वतंत्रता देते हुए कहा, दोहरे मंच पर मामले नहीं होने चाहिए। सुनवाई शुरू होते ही याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि



कई महिलाओं ने दावा किया है कि उनके साथ बलात्कार हुआ है। पीठ ने कहा, हम पीड़ितों के प्रति आपकी सहानुभूति को समझते हैं, लेकिन इस अदालत द्वारा जांच की निगरानी पूरी तरह से अलग बात है। बंगाल सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता जयदीप गुप्ता ने कहा कि उच्च न्यायालय ने कथित घटनाओं का संज्ञान लिया है और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। पीठ मामले पर विचार करने के लिए अनिच्छुक थी, इसलिए याचिकाकर्ता-वकील अलख आलोक श्रीवास्तव ने जनहित याचिका वापस ले ली।

### पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या कर दी गई। एक शादी समारोह में उसे गोली मारी गई। इस दौरान हमलावर भी मारा गया। अमीर बलाज टीपू माल परिवहन नेटवर्क का मालिक था। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, अमीर का लाहौर के साथ-साथ पूरे पाकिस्तान में भी रुतबा था। उसके पिता आरिफ अमीर और दादा बिल्ला ट्रकानवाला भी गैंगस्टर थे। 2010 में उसके पिता की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, एक अज्ञात हमलावर ने 18 फरवरी को लाहौर के चुंग इलाके में शादी समारोह के दौरान बालाज टीपू



को गोली मार दी थी। दो अन्य मेहमानों को भी गोली लगी। वे गंभीर रूप से घायल हुए। अमीर बालाज टीपू को घायल स्थिति में जिन्ना अस्पताल भर्ती कराया गया था। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद बालाज की मौत हो गई। इनके बाद उसके समर्थक अस्पताल में जमा हो गए। लाहौर में हुई घटना के बाद पाकिस्तान पुलिस ने इलाके को सील कर दिया है।

यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट : 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ

# निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाया: मोदी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के ग्राउंड-ब्रेकिंग समारोह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में पूरे उत्तर प्रदेश में 1,4000 परियोजनाओं का शुभारंभ किया। पीएम ने औद्योगिक उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इन परियोजनाओं के आकार लेने पर प्रदेश में लगभग 34 लाख रोजगार सृजित होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले सात साल में डबल इंजन सरकार ने लालफीताशाही को हटाकर निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाया है और उनके स्वागत के लिए लाल कालीन बिछाए हैं ।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' के दौरान किए गए प्रस्तावों के चौथे भूमि पूजन समारोह में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 1,4000 परियोजनाओं की शुरुआत की। ये कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हो रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के अलावा यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी आदित्यनाथ, दोनो डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी समेत तमाम गणमान्य लोग उपस्थित थे। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित भी किया उसके बाद वहां लगी प्रदर्शनी को भी देखा।

ये परियोजनाएं विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, आईटी एवं आईटीईएस, खाद्य प्रसंस्करण, आवास एवं रियल एस्टेट, आतिथ्य एवं मनोरंजन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं।



### कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कुछ ही दिन पहले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान किया है। दुभार्ग्य से ये बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को समझ में नहीं आती। कांग्रेस के लोग भारत रत्न पर एक ही परिवार का हक समझते हैं। दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। ये लोग केवल अपने परिवार को भारत रत्न देते रहे।



### श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास

**संभल (उप्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संभल में श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास और इसके मॉडल का अनावरण किया। श्री कल्कि धाम का निर्माण श्री कल्कि धाम निर्माण न्यास द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं। कार्यक्रम में संतों ने अंगवस्त्र पहनाकर मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री मोदी को स्मृति चिह्न भेंट किया और यहां आये सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई संत, धार्मिक नेता और अन्य लोग शामिल हुए।

ईडी 7वां नोटिस भेजने को तैयार

## केजरीवाल ने छठा समन भी कर दिया दरकिनार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार ईडी के सामने पेश होने से एक बार फिर साफ इनकार कर दिया। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ईडी को केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छठे समन को भी नजरअंदाज किए जाने के बाद ईडी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब सांतवा समन भेजने की तैयारी कर रही है। ईडी



के सूत्रों ने दावा किया है कि कोर्ट ने हाल ही में केजरीवाल को पहले भेजे गए समनों की अवहेलना करने का जिम्मेदार पाया है और माना है कि उन पर केस चलना चाहिए।

### कोर्ट से 16 मार्च तक छूट

बता दें, ईडी के समन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च तक व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने से छूट दी थी। केजरीवाल की ओर दलील दी गई थी कि वह बजट सत्र और विश्वास प्रस्ताव के कारण शारीरिक रूप से कोर्ट में पेश नहीं हो सकते। उधर ईडी के सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने उन्हें जारी किए गए पहले तीन समन की जानबूझकर अवज्ञा करने के लिए केजरीवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 के तहत अदालत में शिकायत दर्ज की थी। सूत्रों ने दावा किया कि अदालत ने इसका संज्ञान लिया है और प्रथम दृष्टया स्वीकार किया है कि उन पर मुकदमा चलाया जा सकता है। उन्होंने कहा, अदालत के सामने सवाल समन की वैधता का नहीं है, बल्कि केजरीवाल की ओर से जानबूझकर पहले तीन समन की अवज्ञा करने का है।

## अगले आदेश तक शरद गुट नया नाम इस्तेमाल करे : कोर्ट



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अजित पवार और शरद पवार के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को लेकर जारी विवाद के मामले पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने शरद पवार को पार्टी चिन्ह के लिए चुनाव आयोग जाने की परमिशन दे दी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव आयोग एक हफ्ते में चुनाव चिन्ह अलॉट करे। कोर्ट ने अगले आदेश तक शरद गुट को नए नाम का ही इस्तेमाल करने कहा है।

चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) बताया था। इसके खिलाफ शरद पवार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जवाब मांगा। मामले की अगली सुनवाई 3 हफ्ते बाद होगी।

राजनीतिक उफान थमा : कांग्रेस आलाकमान ने मनाया कमलनाथ को, तवज्जो नहीं मिलने से थे नाराज

# भाजपा के नहीं होंगे कमल, लोकसभा चुनाव लड़ेंगे नकुल

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

देश की राजनीति में आए उफान पर सोमवार को विराम लग गया। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम व कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ कमलनाथ ने खुद कह दिया कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं, उन्हें अभी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लड़ाई लड़नी है।

सोमवार को नई दिल्ली में कमलनाथ के बंगले पर डेढ़ घंटे बैठक चली। इसके बाद कमलनाथ के करीबी सज्जन सिंह वर्मा ने बाहर आकर मीडिया से कहा कि बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की 29 सीटों पर कैसे जीत हो, इस पर चर्चा हुई। भाजपा में कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ के जाने के सवाल पर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि नकुलनाथ भी कहीं नहीं जा रहे हैं, वे छिंदवाड़ा से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।



### सोनिया और राहुल ने की बात

भाजपा में जाने की खबरों के बीच कांग्रेस आलाकमान ने भी सक्रियता दिखाई और कमलनाथ को मनाने की कोशिश की। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कमलनाथ से बात की। कहा जा रहा है कि कांग्रेस के बड़े नेताओं से बात करने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में जाने का मन बदल दिया। इन सबके पीछे यह बात सामने आ रही है कि कई बड़े पदों पर रहने वाले कमलनाथ को पार्टी में तवज्जो नहीं मिल रही थी।

### भाजपा ने भी नहीं दिखाई रुचि!

खबर यह भी है कि भाजपा ने भी कमलनाथ को भाजपा में शामिल करने को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई। कमलनाथ को पार्टी में शामिल करने को लेकर मध्यप्रदेश के कई स्थानीय नेता खुश नहीं थे। यह भी फीडबैक आया कि कमलनाथ के ऊपर 1984 के सिख दंगों के आरोप है। यदि कमलनाथ को भाजपा में शामिल कराया जाता तो भाजपा के सिख वोटर नाराज हो सकते हैं।

### एकजुटता दिखाने का प्रयास

कांग्रेस पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने भोपाल में मंगलवार को पार्टी की बैठक बुलाई है। इसमें सभी विधायक और वरिष्ठ नेता इस बैठक में मौजूद रहेंगे। पार्टी में टूट की खबरों से चिंतित आलाकमान ने प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी सौंपी है। जितेंद्र सिंह कल मंगलवार को राजधानी भोपाल आएंगे, जहां वे विधायकों से वन टू वन चर्चा करेंगे।